शनिवार, 16 नवम्बर 2024

मौसम



तापमान 30 – 18
आर्द्रता 60%
सूर्योदयः 5:50 सूर्यास्तः 16:53

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : किताबें खुद चुप रहती हैं लेकिन, जिसने भी पढ़ ली, उसे बोलना सिखा देती है।



भारत 3-1 से श्रृंखला जीता -पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बंगाल टैब घोटाले में अब तक 15 जिलों के 1,911 छात्र हुए शिकार

## एडीजी का दावा, मामले में अंतरराज्यीय जालसाजों का हाथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में टेबलेट वितरण योजना में साइबर अपराधियों द्वारा घोटाला किए जाने का मामला सामने आया है। इस घोटाले की चपेट में राज्य के 15 जिलों के 1911 छात्रों के नाम सामने आ चुके हैं। वैसे एडीजी साउथ बंगाल सुप्रतिम सरकार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में टैब घोटाले के पीछे अंतरराज्यीय जालसाजों का हाथ है। मुख्य रूप से राजस्थान, महाराष्ट्र और झारखंड में गिरोह सक्रिय हैं। एडीजी साउथ बंगाल ने कहा कि टैब मामले में राज्य भर में 93 मामलों में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं। उस संदर्भ में जांच चल रही है। सुप्रतिम सरकार ने कहा कि राज्य के 1,911 छात्रों के साथ धोखाधड़ी हुई है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमें राज्य शिक्षा विभाग से पता चला है कि वंचित प्रत्येक छात्र को उनके



खाते में टैब के लिए निर्दिष्ट राशि प्राप्त होगी। सभी को तय आवंटन मिलेगा। भुगतान की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। बहरहाल, इस कांड का खुलासा होते ही कोलकाता में कई शिकायतें दर्ज हुई हैं। पुलिस की जांच के अनुसार, इस घोटाले का केंद्र उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा और आसपास के क्षेत्र बताए जा रहे हैं। अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, और जांच में यह पता चला है कि यह पूरा घोटाला केवल एक व्यक्ति के इशारे पर संचालित हो रहा था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए कुछ संदिग्धों ने कथित तौर पर इन अभियानों में शामिल होने की बात स्वीकार की है और छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों से पिछले साइबर घोटालों में उनकी भागीदारी की पुष्टि हुई है, इसमें अन्य प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल से धन की हेराफेरी भी शामिल है।

### 'सभी छात्रों को मिलेगी टैब मनी', मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**सिलीगुड़ी :** छात्रों को टैब खरीदने के लिये राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का खुलासा होने के बाद उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आश्वस्त किया है कि सभी छात्रों को टैब मनी जरूर मिलेगी। शुक्रवार को बागडोगरा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान ममता बनर्जी ने यह बात कही। इस दिन, दोपहर में जब मुख्यमंत्री कोलकाता जाने के लिए बागडोगरा एयरपोर्ट पर पहुंची तो पत्रकारों ने टैब भ्रष्टाचार के बारे में सवाल किया। जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर में भ्रष्टाचार है। इस ग्रुप ने महाराष्ट्र, राजस्थान के कई प्रोजेक्ट्स को हाईजैक किया है। बंगाल में भी इस ग्रुप ने कदम रखा है। इस ग्रुप को पकड़ने वाले हम हैं। हमारा प्रशासन बहुत मजबूत है। इसी बीच, छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में जो भी करना पड़ेगा, हम करेंगे। विशेष जांच दल (सिट) का गठन हो गया है। वह अपराधियों को पकड़ने का काम करेगी। जिन छात्रों को टैब मनी नहीं मिली, उन्हें जल्द मिल जाएगी।

### पाकिस्तान में ननकाना साहिब जा रहे हिंदू तीर्थयात्री की गोली मारकर हत्या

**लाहौर :** पाकिस्तान के ननकाना साहिब में गुरु नानक देव की 555 वें प्रकाश पर्व समारोह में भाग लेने जा रहे एक पाकिस्तानी हिंदू तीर्थयात्री की लुटेरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिंध प्रांत के लरकाना शहर के मूल निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त और एक रिश्तेदार के साथ कार से लाहौर से ननकाना साहिब जा रहे थे, तभी लाहौर से लगभग 60 किलोमीटर दूर मानांवाला-ननकाना साहिब रोड पर तीन लुटेरों ने उनका रास्ता रोक लिया। पुलिस ने बताया, बंदूकधारियों ने तीनों से साढ़े चार लाख रुपये और चालक से 10,000 रुपये छीन लिए। कुमार के विरोध करने पर लुटेरों ने उन पर गोलियां चला दीं और भाग गए। बुधवार रात डकैती और गोलीबारी की घटना के बाद कुमार को गंभीर हालत में अस्प-ताल ले जाया गया, जहां बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई।



देव दीपावली: दीपों से जगमग काशी, 84 गंगा घाटों पर जले 21 लाख दीये

## प्रधानमंत्री गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति कर रहे हैं : राहुल गांधी

**महगामा/बेरमो (झारखंड) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश के गरीबों की कीमत पर अरबपतियों के हितों की पूर्ति करने का आरोप लगाया। गांधी ने झारखंड में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी पर संविधान को नष्ट करने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। गांधी ने संविधान को देश की आत्मा करार दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहा है, जबकि भाजपा इसे कूड़ेदान में डालने की कोशिश कर रही है। झारखंड के गोड्डा जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि राहुल गांधी 'लाल किताब' दिखा रहा है। मोदी जी, इस किताब का रंग जरूरी नहीं है। इसमें जो लिखा है, वह जरूरी है। अगर आपने इसे पढ़ा होता तो आप लोगों में नफरत नहीं फैलाते, सबको एक



दूसरे से नहीं लड़ाते। उन्होंने आरोप लगाया, यह 'इंडिया' और भाजपा-आरएसएस के बीच विचारधारा की लड़ाई है। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं और भाजपा-आरएसएस इसे कूड़ेदान में फेंकने की कोशिश कर रहे हैं। वे हिंसा फैला रहे हैं और जाति, पंथ और धर्म के आधार पर समाज को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं। बोकारो जिले के बेरमो में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने संविधान को देश की आत्मा बताया और प्रधानमंत्री मोदी पर उसको नष्ट करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

## ईडी ने 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के कॉरपोरेट कार्यालय से 8.8 करोड़ रुपये जब्त किए

**चेन्नई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई में रहने वाले 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के कॉरपोरेट कार्यालय से शुक्रवार को 8.8 करोड़ रुपये जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मार्टिन राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा चंदा देने वालों में से एक था। उसने अब रद्द की जा चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के तहत 1,300 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा दिया था। बृहस्पतिवार को शुरू की गई छापेमारी कई राज्यों में दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को मार्टिन के कॉरपोरेट कार्यालय से करीब 8.8 करोड़ रुपये जब्त किए गए, जिनमें से अधिकतर नोट 500 रुपये के थे। हालांकि कार्यालय कहां स्थित है, इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। यह कार्रवाई मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में ईडी को मार्टिन के खिलाफ विस्तृत जांच की अनुमति देने के बाद हुई है। अधिकारियों ने कहा कि मार्टिन, उसके दामाद आधव अर्जुन और सहयोगियों से जुड़े तमिलनाडु के चेन्नई एवं कोयंबटूर, हरियाणा के फरीदाबाद, पंजाब के लुधियाना और पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित कम से कम 20 परिसर की व्यापक कार्रवाई के तहत तलाशी ली जा रही है। ईडी ने लॉटरी धोखाधड़ी और लॉटरी की अवैध बिक्री के लिए मार्टिन और उसके व्यापार नेटवर्क के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई शुरू करने के लिए पुलिस की कई प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है।

### कोलकाता में व्यवसायी के आवास से तीन करोड़ नकद बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने लॉटरी टिकटों के जरिए करोड़ों रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग के मामले में शुक्रवार को दक्षिण कोलकाता के लेक मार्केट में प्रिंस गुलाम मोहम्मद रोड पर लॉटरी व्यवसायी के कार्यालय सह आवास पर तलाशी अभियान चलाकर तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। ईडी के अधिकारी नकदी की गिनती करने के लिए पास की एक बैंक शाखा से नोट गिनने की मशीन लेकर आए थे। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी गुरुवार से ही तलाशी अभियान चला रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, लॉटरी व्यवसाय की आड़ में बड़े पैमाने पर काला धन सफेद किया गया है। आरोप है कि असली विजेताओं को पुरस्कार से वंचित कर करोड़ों की इनामी राशि का घोटाला किया गया है। लॉटरी जीतने पर मिलने वाले टैक्स का पैसा सरकारी खजाने में जमा करने के बजाय हवाला के जरिए विदेश में भेजा जाता था। ईडी का मानना है कि कुछ प्रभावशाली लोग लॉटरी घोटाले में प्रमुख लाभार्थी हैं। बता दें कि ईडी ने गुरुवार से कोलकाता और इसके आसपास के तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। ईडी की टीम ने उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम के माइकल नगर में एक लॉटरी टिकट प्रिंटिंग फैक्ट्री में छापेमारी की है। इसके अलावा दक्षिण कोलकाता में लेक मार्केट और लेक गार्डन में लॉटरी एजेंटों के कार्यालय सह आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया है।

## अनुसूचित जनजातियों का सर्वांगीण विकास ही बिरसा मुंडा को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि: राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करना ही राष्ट्र की ओर से आदिवासी नायक बिरसा मुंडा और आदिवासी क्षेत्रों के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर एक लेख में आदिवासी समुदायों के जीवन और प्रगति के कुछ पहलुओं का उल्लेख किया। बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मुर्मू ने यहां संसद परिसर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। राष्ट्रपति ने कहा, ''मेरा मानना है कि अनुसूचित जनजाति समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करना ही राष्ट्र की ओर से भगवान बिरसा मुंडा और आदिवासी क्षेत्रों के अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि है।'' राष्ट्रपति ने कहा, ''यह मेरे लिए अत्यंत संतोष की बात है कि राष्ट्रपति भवन ने भी अनुसूचित जनजाति समुदायों तक पहुंच बनाने के लिए नयी पहल की है।'' राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए ''भगवान बिरसा मुंडा 150 वर्ष: जनजातीय गौरव की भावना का जश्न'' शीर्षक वाले लेख में मुर्मू ने कहा कि एक समय था जब बिरसा मुंडा और अन्य का नाम इतिहास के ''गुमनाम नायकों'' में लिया जाता था।

### रील बनाने बनाने वाले यदि सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं तो प्राथमिकी दर्ज करें: रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के अधिकारियों से कहा है कि यदि रील बनाने वाले सुरक्षित रेल परिचालन के लिए खतरा पैदा करते हैं या कोच तथा रेलवे परिसर में यात्रियों को असुविधा पहुंचाते हैं तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें। रेलवे बोर्ड का यह निर्देश हाल ही में सामने आए उन मामलों के बाद आया है, जिनमें लोगों ने अपने मोबाइल फोन से रेल की पटरियों और चलती ट्रेन में स्टंट के वीडियो बनाकर रेल सुरक्षा के साथ समझौता किया है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, लोगों ने रील बनाने की सारी हदें पार कर दी हैं। वे न केवल अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि रेल की पटरियों पर वस्तुएं रखकर या वाहन चलाकर तथा चलती ट्रेन में जानलेवा स्टंट करके सैकड़ों रेल यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया वायरल होने वाले वायरल वीडियो में देखा गया है कि लोग सेल्फी लेते समय ट्रेन के पास आकर ट्रैक के बहुत करीब चले गए, यह समझे बिना कि एक ट्रेन कम समय में कितनी लंबी दूरी तय कर सकती है और इस कारण वे ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठे।

## गुजरात: समुद्र तट के निकट 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त, आठ ईरानी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों के एक संयुक्त अभियान के तहत शुक्रवार को गुजरात के पोरबंदर के करीब भारतीय जलक्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारियों के अनुसार जब्त किए गए मादक पदार्थ 'मेथामफेटामाइन' की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2,500-3,500 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। एनसीबी ने एक बयान में कहा कि मादक पदार्थ लेकर भारतीय जल क्षेत्र में घुस रहे गैर-पंजीकृत जहाज को रोकने के लिए खुफिया जानकारी के आधार पर 'सागर मंथन- 4' नाम से एक अभियान शुरू किया गया था। बयान में कहा गया है कि संदिग्ध जहाज की पहचान की गई और नौसेना ने शुक्रवार को उसे रोककर मादक पदार्थ जब्त किए। एनसीबी ने कहा, भारतीय जल क्षेत्र में लगभग 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। इस अभियान के दौरान, आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया जिन्होंने खुद के ईरानी होने का दावा किया है। एनसीबी ने कहा कि आठ लोगों के पास पहचान से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं है। अभियान को एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया।

## एनसीबी ने 80 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की, मादक पदार्थ रैकेट पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में करीब 900 करोड़ रुपये मूल्य की 80 किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ गिरोहों के खिलाफ सरकार की ''कड़ी'' कार्रवाई जारी रहेगी पार्टी में इस्तेमाल किए जाने वाले ''उच्च श्रेणी'' के मादक पदार्थ की जब्ती उस दिन हुई, जब स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात एटीएस ने संयुक्त अभियान में गुजरात अपतटीय क्षेत्र से लगभग 700 किलोग्राम 'मेथमफेटामाइन' बरामद किया। समुद्र में चलाए गए इस अभियान में आठ ईरानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ एक ही दिन में लगातार दो बड़ी सफलताएं मोदी सरकार के नशा मुक्त भारत बनाने के अटूट संकल्प को दर्शाती हैं। एनसीबी ने आज नयी दिल्ली में उच्च श्रेणी की 82.53 किलोग्राम कोकीन जब्त की।' उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ की इस बड़ी खेप की कीमत करीब 900 करोड़ रुपये है और कड़ी कार्रवाई जारी रहने के बीच दिल्ली के एक कूरियर सेंटर से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया।

# एक परिवार, एक पार्टी के लिए स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासियों के योगदान की अनदेखी की गई: मोदी

**जमुई (बिहार) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी नेताओं के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास किया, ताकि ''केवल एक पार्टी और एक परिवार को श्रेय मिल सके।'' प्रधानमंत्री महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार की राजधानी पटना से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के खैरा गांव में 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ''आज जब हम जनजातीय गौरव वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं तब यह समझना



भी बहुत जरूरी है कि आयोजन की आवश्यकता क्यों हुई। यह इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया जिसका आदिवासी समाज हकदार था।'' मोदी ने कहा, ''आदिवासी समाज वह है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज वह है, जिसने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया लेकिन आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के इस अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए।'' उन्होंने पूछा कि अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी। प्रधानमंत्री ने आजादी की लड़ाई में देश के आदिवासी समाज के लोगों की चर्चा करते हुए कहा कि क्या उन शूरवीरों को कोई भुला सकता है। उन्होंने विपक्षी पार्टी और नेहरू-गांधी परिवार का नाम लिए बिना उनकी ओर इशारा करते हुए यह टिप्पणी की। मोदी ने कहा, ''संस्कृति हो या फिर सामाजिक न्याय, आज की राजग सरकार का मानक कुछ अलग है। मैं इसे भाजपा ही नहीं, बल्कि राजग का सौभाग्य मानता हूं कि हमें द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाने का अवसर मिला। वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं।''



## कानून व्यवस्था पर आस्था बढ़ाएगा फैसला

सही मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है।

इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है। दूसरे शब्दों में, खुद ही आरोप तय करके और खुद ही न्याय करने की लोकसेवकों की कोशिश को सिरे से नकार दिया है। कोर्ट ने आईना दिखाया कि शासन-प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्याय करने वाले कथित बुलडोजर न्याय को तार्किक बताने का प्रयास किया। जबकि बिना मुकदमा चलाये किसी को सजा देने का अधिकार किसी लोकसेवक को नहीं है। वैसे भी किसी भी अपराधी के कृत्य की सजा उसके पूरे परिवार को नहीं दी जा सकती। किसी एक घर को बनाने में व्यक्ति के जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है। जिसे कुछ घंटों में बिना प्रतिवाद का मौका दिए ध्वस्त करना, जंगलराज का ही पर्याय कहा जा सकता है। यही वजह है कि अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि किसी व्यक्ति का घर तोड़ने की कार्रवाई कानून की प्रक्रिया के विरुद्ध पायी जाती है तो तोड़े गए घर को बनाने का खर्च संबंधित अधिकारी के वेतन से काटा जाएगा। लेकिन दूसरी ओर अपने फैसले के आलोक में शीर्ष अदालत यह बताने में नहीं चूकी कि यह फैसला सरकारी जमीन, सार्वजनिक स्थलों मसलन रेलवे लाइन, फुटपाथ, सड़क पर किए गए अतिक्रमण या गैरकानूनी निर्माण पर लागू नहीं होगा। वैसे यह भी एक हकीकत है कि सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण रातोंरात नहीं होते। ये अवैध कार्य राजनीतिक संरक्षण व नौकरशाही की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। कई मामलों में महीनों नहीं, सालों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बढ़ते हैं। निश्चित रूप से किसी अवैध संरचना को समयबद्ध और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ध्वस्त किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवादी को अपनी बात रखने का मौका भी मिलना चाहिए। कह सकते हैं कि शीर्ष अदालत ने सख्त फैसला देने के साथ न्यायिक संतुलन का आदर्श प्रस्तुत किया है। जो कालांतर लोकतांत्रिक देश में संवैधानिक मूल्यों को समृद्ध करेगा।

# क्या भारत एक स्वस्थ युवाओं का देश भी है?



डॉ नीलम महेंद्र

वर्तमान भारत जिसके विषय में हम गर्व से कहते हैं कि यह एकयुवा देश है, क्या हम उसके विषय में यहभी कह सकते हैं कि भारत स्वस्थ युवाओं का देश है?

यह प्रश्न अनायास नहीं है अपितु यह प्रश्न उन सर्वेक्षणोंके आधार पर है जिनमें हमारे बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के बढ़ते मामलों का गम्भीर विषय सामने आया है।

कभी वयस्कों में देखी जाने वाली बीमारी मधुमेह अब युवाओं औरबच्चों तक को एक बड़ी संख्या में अपनी चपेट में ले चुकी है। विडम्बना यह है कि खानपान की आदतों के कारण होने वाली मधुमेह जैसी बीमारी के ये बढ़ते आँकड़े ऐसे देश मेंसामने आ रहे हैं जहाँ बचपन की स्वास्थ्य समस्याएँ पहले मुख्य रूप से कुपोषण औरसंक्रामक रोगों से संबंधित थीं। लेकिनअधिक चिंताजनक विषय यह है कि देश के युवाओं में मधुमेह रोग जिस प्रकार अपने पैरपसार रहा है उसके दूरगामी प्रभाव सिर्फ इन युवाओं के स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्किदेश के भविष्य पर भी निश्चित तौर पर पड़ेंगे।

इस विषय में सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि देश की युवा पीढ़ीमें मधुमेह के बढ़ते मामले आधुनिक जीवनशैली से जुड़े हैं। क्योंकि एक तरफ वर्तमानजीवन शैली के चलते हमारी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो रही हैं वहीं दूसरी तरफडिजिटलाईजेशन के परिणामस्वरूप हमारास्क्रीन टाइम बढ़ जा रहा है। आज मोबाइल फोन, वीडियो गेम और डिजिटल मनोरंजन के साधन बच्चों के जीवन का मुख्य केंद्र बन गए हैं। इनसब के बीच शारीरिक खेल और बाहरी गतिविधियाँ बच्चों के जीवन में से कहीं पीछे छूटगई हैं। जैसे-जैसे तकनीक अधिक सुलभ होती जा रही है, बच्चे स्क्रीन के सामने अधिक समय व्यतीत रहेहैं और दौड़ने या खेल में कम समय बिता रहे हैं। यह वाकई में चिंत-ाजनक है कि जीवनशैली का यह बदलाव सिर्फ़ बच्चों के समय बिताने के तरीके को ही नहीं बदल रहा हैबल्कि यह उनके स्वास्थ पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हालिया रिपोर्ट से यह गम्भीरविषय सामने आया है। राष्टीय स्वास्थ्यमिशन द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि पिछले पाँच वर्षों में 5-14 वर्ष की आयु के बच्चोंमें टाइप 2 मधुमेह की घटनाओं में 65% की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली बात भी सामनेआई है कि यह वृद्धि केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश के ग्रामीणऔर अर्ध-शहरी इलाकों में भी देखी जा रही है। नेशनल हेल्थ मिशन की इस रिपोर्ट कोपढ़ने पर यह विचलित करने वाला तथ्य सामने आया कि ग्रामीण जिलों में, बच्चों में बढ़ते मोटापेके कारण उनमें टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा एकसे तीन गुना बढ़ गया है। बल्कि वास्तविकता तो यह है कि कई बच्चे अब वयस्क होने सेबहुत पहले ही इस बीमारी की शुरुआत (प्री डाइबेटीस) का सामना कर रहे हैं।

विभिन्न रिसर्चों के माध्यम से आज यह बात सिद्ध हो चुकी हैकि टाइप 2 मधुमेह एक जीवनशैली सेजुड़ी बीमारी है। यह तब होती है जब हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाताहै या जब अग्न्याशय सामान्य रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए पर्याप्तइंसुलिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है। अधिकांश तौर पर यह बीमारी वयस्कों सेजुड़ी होती है, लेकिन गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार औरमोटापे के कारण आज यह बच्चों में भी तेजीसे अपने पैर पसार रही है। बच्चों में बाल्यावस्था में ही मधुमेह का बढ़ना चिंताजनकहै क्योंकि न सिर्फ यह तात्कालिक स्वास्थ्य सम्बन्धी उलझने पैदा करती है बल्कि इस बीमारी के साथ होने वालीदीर्घकालिक जटिलताओं के कारण हृदय संबंधी समस्याएं, गुर्दे की बीमारी, तंत्रिका क्षति और यहांतक कि दृष्टि हानि भी हो सकती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, पिछले दशक में टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित बच्चों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गईहै। 2023 में, भारत में अनुमानित 2 मिलियन बच्चे इस बीमारीसे पीड़ित थे, और विशेषज्ञों का अनुमानहै कि अगले कुछ वर्षों में यह संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। यह समस्याविशेष रूप से शहरों में अधिक गंभीर है, जहाँ बच्चों के पास चीनी और वसा से भरपूर फ़ास्ट फूड के अनेकविकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर शैक्षणिकप्रदर्शन के दबाव के कारण उनकी खेल कूद जैसी शारिरिक गतिविधियां न के बराबर होतीहो चुकी हैं। परिणामतः जो बच्चे कभी क्रिकेट, फुटबॉल खेलने या अपने दोस्तों के साथ बस इधर-उधर दौड़ने कासपना देखते थे, वे अब इंसुलिन इंजेक्शन, डॉक्टर के पास जाने औरआहार प्रतिबंधों की दिनचर्या तक सीमित रह गए हैं। जिन बच्चों को अपने बचपन का आनंदलेना चाहिए, वे जीवन भर की बीमारी सेनिपटने के भारी बोझ के साथ बड़े हो रहे हैं।

माता-पिता के लिए, यह स्थिति और भी ही दुखद है। अपने बच्चों को स्वस्थ औरमजबूत होते देखने की खुशी की जगह एक जटिल बीमारी से निपटने की जद्दोजहद ने ले लीहै।

क्योंकि औसत भारतीय बच्चा आज औसतन 4-5 घंटे प्रतिदिन डिजिटलउपकरणों पर बिताता है। जबकि यह अनुशंसित स्क्रीन समय से काफी अधिक है। क्योंकिवैश्विक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों के लिए यह समय प्रतिदिन दो घंटेसे अधिक नहीं होना चाहिए। मोबाइल फोन, टैबलेट और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग हमारी शारीरिकगतिविधियों को सीमित कर देता है।

शारिरिक गतिहीन जीवन शैली के अतिरिक्त आहार की हमारी बदलतीआदतें भी इन परिस्थितियों में अपनामहत्वपूर्ण योगदान देती हैं। पारंपरिक, घर का बना खाना, जो कभी भारतीय परिवारों की पहचान था, आज उसकी जगह फास्ट फूड औरपैकेज्ड स्नैक्स ने ले ली है। ये खाद्य पदार्थ न केवल कैलोरी बहुल होते हैंबल्कि वसा, शर्करा और लवण जैसेतत्वों से भी भरपूर होते हैं जो मानव शरीर में इंसुलिन के प्रतिरोध और मोटापे कोबढ़ाने का अहम कारण हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रोंमें लगभग 40% बच्चे नियमित रूप सेफास्ट फूड का सेवन कर रहे हैं।

गौरतलब है कि बचपनमें होने वाले मधुमेह का असर सिर्फ़ बच्चों पर ही नहीं पड़ता, बल्कि परिवारों पर, उनके माता पिता पर भीपड़ता है। और कालांतर में युवा रोगियों की बढ़ती संख्या का प्रभाव कहीं न कहीं देशकी उन्नति और उसके भविष्य पर भी पड़ता है।

लेकिन अच्छी खबर यहहै कि मधुमेह, ख़ास तौर पर टाइप 2 मधुमेह को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। स्वस्थजीवनशैली को बढ़ावा देकर और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके, हम मौजूदा आंकड़ों को पलटसकते हैं। अनेक रिसर्चों में यह बात सिद्ध हो चुकी है कि जिन लोगों ने स्वस्थ आहारविहार और शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपनी जीवन शैली मेंबदलाव किया वे काफी हद तक मधुमेह से लड़कर जीते भी हैं।

आज जब हम इस संकट का सामना कर रहे हैं तो एक देश के रूप में, एक समाज के रूप में, इस देश के एक जागरूकनागरिक के रूप में,माता पिता के रूप मेंहमें यह समझना चाहिए कि इस देश के हर बच्चे को स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीने का मौकामिलना चाहिए। आइए सुनिश्चित करें कि वे मैदानों में खेलें, दोस्तों के साथ तितलियोंके पीछे दौड़ें, अपने बचपन को स्क्रीन केआगे नहीं बाग बग़ीचों और खुले मैदानों में जिएं ताकि मधुमेह बीमारियों के बोझ सेमुक्त होकर बड़े होने का सपना देख सकें और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

-लेखिका वरिष्ठ स्तम्भकार हैं

# दांव पर लगी है प्रेस की विश्वसनीयता



बाल मुकुन्द ओझा

प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता, निष्प-क्षता और नैतिक मूल्यों को बनाये रखने के लिए 1956 में प्रथम प्रेस आयोग स्थापित का निर्णय लिया गया था। तत्पश्चात 4 जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई। इस परिषद ने 16 नवंबर, 1966 को पूर्ण रूप से कार्य करना शुरू किया। तब से लेकर हर वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस यानि भारतीय पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। भारतीय प्रेस परिषद की ऑफिशियल वेबसाइट पर मौजूद एक नोटिफिकेशन के अनुसार, परिषद के अध्यक्ष के साथ ही कुल 28 सदस्य भी होंगे। परिषद का अध्यक्ष परिपाटी के अनुसार, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश होंगे। वहीं 28 सदस्य में से 20 भारत में संचालित होने वाले मीडिया समूहों से संबंधित होते हैं। वहीं 5 सदस्य को संसद के दोनों सदनों से नामित किया जाता है। बाकी बचे 3 सदस्यों का नामांकन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय विधिज्ञ परिषद और साहित्य अकादमी द्वारा किया जाता है।

प्रेस को आज चौतरफा खतरे का सामना करना पड़ रहा है। कहीं शासन के कोपभाजन का सामना करना पड़ता है तो कहीं राजनीतिज्ञों, बाहुबलियों और अपराधियों से मुकाबला करना पड़ता है। समाज कंटकों के मनमाफिक नहीं चलने का खामियाजा प्रेस को भुगतना पड़ता है। दुनिया भर में प्रेस को निशाना बनाया जा रहा है। रिपोर्टिंग के दौरान मीडियाकर्मी को कहीं मौत के घाट उतारा जाता है तो कहीं जेल की सलाखों की धमकियाँ दी जाती है। मीडिया पर भी आरोप है कि वह अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीकें से निर्वहन नहीं कर पा रहा है। कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने हमारे सामाजिक सरोकारों को विकृत कर बाजारू बना दिया है। बाजार ने हमारी भाषा और रचनात्मक विजन को नष्ट भ्रष्ट करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। ऐसे में प्रेस की चुनौतियों को नए ढंग से परिभाषित करने की जरुरत है।

आपातकाल को अपवाद के रूप में छोड़ दें तो भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कभी कोई गंभीर आंच का सामना नहीं करना पड़ा। मगर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उदय के बाद प्रेस की स्वतंत्रता पर अंगुली उठाई जाने लगी। पक्ष और विपक्ष के दो धड़ों के बीच मीडिया को निशाना बनाया जाने लगा। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (2024) की बात करें तो भारत को 180 देशों की सूची में 159वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो विशेष रूप से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में इसकी स्थिति को देखते हुए चिंताजनक है। हालाँकि भारत की रैंकिंग में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन यह सुधार देश की प्रगति के कारण नहीं बल्कि अन्य देशों में प्रेस स्वतंत्रता में गिरावट के कारण हुआ है।

प्रेस समाज का आइना होता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता बुनियादी जरूरत है। मीडिया की आजादी का मतलब है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी राय कायम करने और सार्वजनिक तौर पर इसे जाहिर करने का अधिकार है। प्रेस के सामने पहले भी चुनौतियां थीं और आज भी हैं। पत्रकारिता में निर्भीकता एवं निष्पक्षता होनी चाहिए। यह एक गम्भीर व कठिन विषय माना जाता है। पत्रकारिता की मर्यादा बनाये रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भय और पक्षपात रहित पत्रकारिता के मार्ग में बड़ी चुनौतियां है। यह जोखिम भरा मार्ग है जिस पर चलना तलवार की धार पर चलना है। आज पत्रकारिता पर कई प्रकार का दवाब है। निष्पक्ष पत्रकारिता खण्डे की धार हो गयी है।

सत्य और तथ्य को बेलाग उद्घाटित करना सच्ची पत्रकारिता है। कलम में बहुत ताकत होती है, आजादी के दौरान पत्रकारों ने अपनी कलम के बल पर अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। प्रेस सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करता है। प्रेस की चुनौतियां लगातार बढ़ती ही जा रही है। प्रेस को आंतरिक और बाहरी दोनों मोर्चों पर संघर्ष करना पड रहा है। इनमें आंतरिक संघर्ष अधिक गंभीर है। प्रेस आज विभिन्न गुटों में बंट गया है जिसे सुविधा के लिए हम पक्ष और विपक्ष का नाम देवे तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। जनमत निर्माण में मीडिया की सशक्त भूमिका है, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की पहुँच घर घर में हो गई है। मगर लोग आज भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की अपेक्षा प्रिंट मीडिया को अधिक विश्वसनीय मान और स्वीकार कर रहे है।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

# हे पार्थ! उठ और अपना ठीकरा फोड़!



रामविलास जांगिड़

**व्यंग्य**

ठीकरा फोड़ना हमारी सांस्कृतिक धरोहर में एक ऐसी परंपरा है जिसमें हम दूसरों को अपनी गलतियों का जिम्मेदार ठहराने में महारत हासिल कर लेते हैं। भारत में ठीकरा फोड़ना सिर्फ एक मुहावरा नहीं बल्कि एक संजीवनी है, जो रोजमर्रा की परेशानियों और कठिनाइयों को चुटकियों में दूर करने की सुविधा देती है। चाहे वह प्रदूषण का मुद्दा हो या फिर चुनावी वादों का, ठीकरा फोड़ने की यह कला जीवन में हर क्षेत्र में काम आती है।

चुनाव के मौसम में ठीकरा फोड़ना बिल्कुल अनिवार्य होता है। हर नेता अपने वादों को पूरा न कर पाने का ठीकरा पिछले शासन पर मढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ता। जनता पूछे कि आपने इतने वादे किए थे, महंगाई कम होगी, बेरोजगारी घटेगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ? तो नेता का सहज जवाब होगा- देखिए, पिछली सरकार ने देश को कर्ज़ में डुबो दिया था, हम तो उसी से उबर रहे हैं। जब चुनाव में जीत न हो पाए, तब भी ठीकरा फोड़ने का शास्त्र तुरंत लागू हो जाता है। अगर हार का कारण पूछें, तो जवाब मिलेगा - विपक्ष ने हमें गंदा प्रचार करके हराया है, या चुनाव आयोग ने निष्प-क्षता नहीं दिखाई! चुनावों में इस कला का अभ्यास बखूबी होता है। हर पार्टी अपने विरोधियों पर ठीकरा फोड़कर मन हल्का कर लेती है।

अगर कोई कह दे कि प्रदूषण के कारण हमारे बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं, तो तुरंत ठीकरा पड़ोसी देश पर मढ़ दिया जाता है। ये प्रदूषण तो पाकिस्तान से आ रहा है! इजरायल इराक की लड़ाई का असर है। उन्होंने जानबूझकर मिसाइलें चलाकर हमारे शहर की हवा खराब कर दी है। ठीकरा फोड़ने का यह अद्भुत वैज्ञानिक प्रयोग बिना किसी वैज्ञानिक आधार के, पूर्ण प्रभाव से काम कर जाता है। पर्यावरण प्रदूषण का ठीकरा फोड़ने के मामले में तो हम वाकई नायाब हैं। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाए कि लोगों की आंखों से आंसू बहने लगें, तो भी ठीकरा अपनी गलती पर नहीं जाएगा। बल्कि सबसे पहले तो ठीकरा पड़ोसी राज्यों पर फोड़ा जाएगा। हमारे तो कारखाने बहुत कम हैं, ये तो सब उन किसानों का दोष है जो पराली जलाते हैं। प्रदूषण का ठीकरा तकदीर और मौसम पर भी फोड़ा जाता है।

ठीकरा फोड़ने की यह कला घर में भी खूब देखने को मिलती है। दाल में नमक ज्यादा हो गया। अब इसका ठीकरा किस पर फोड़ा जाए? पत्नी कहेगी, देखो! ये नमक का नया ब्रांड ही खराब है। पति नाम का जंतु यह सोचते हुए कि उसे रोज नई दाल में यह नमक झेलना पड़ेगा, हामी भर देगा। ये ठीकरा पड़ोसियों पर भी फोड़ा जाता है- आजकल पड़ोस के घर में मसाले बहुत तेज बनते हैं, इसलिए हमारे घर में भी सब्जी ज्यादा तीखी हो जाती है। पति अगर ऑफिस से देर से घर आए, तो ठीकरा सीधे बॉस पर मढ़ दिया जाता है- अरे, आज बॉस ने बिना वजह लेट कर दिया। अगर बच्चों के रिजल्ट खराब आए, तो ठीकरा स्कूल पर मढ़ दिया जाता है- हमारे बेटे का तो पढ़ाई में मन था, लेकिन स्कूल में ही पढ़ाई का माहौल नहीं है! चाहे चुनाव का माहौल हो, प्रदूषण का संकट हो, या घरेलू जीवन की उलझनें, ठीकरा फोड़ने की कला हमें हर कदम पर सहारा देती है। इसलिए हे पार्थ! उठ और अपना ठीकरा फोड़!

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 नवम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 23:52 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 19:29 तक, योग : परिघा, 23:43 तक, सूर्योदयः 5:50, सूर्यास्तः 16:53 चन्द्रोदय : 17:07, चन्द्रास्तः 06:04, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 08:37 से 09:59

## राशिफल

**मेष :** आज आपकी उन लोगों से मुलाकात होगी, जिन्हें आप नापसंद करते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर ज्यादा सतर्कता दिखाने की आवश्यकता है। अनैतिक कार्यों से दूर रहें।

**वृष :** आज प्रसन्न रहने वाले हैं। एक साथ कई कार्य करने से समस्या बढ़ेगी। कुछ कार्य बिगड़ सकते हैं। रुके हुये मामलों में तेजी आयेगी। विवाहित जोड़े आज आनन्दित रहेंगे।

**मिथुन :** आपको अपने सम्मान की चिन्ता रहेगी। किसी बात को लेकर बहस ऑफिस में बहस हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अहंकारभरा व्यवहार करने से बचें।

**कर्क :** आज योजनाओं पर धन निवेश करने का प्लान बना सकते हैं। कम मेहनत में अधिक लाभ प्राप्त होगा। विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। रिश्तेदारों के साथ सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**सिंह :** आज सिंह वालों के सितारे बुलंद रहेंगे। विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार में बड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिये।

**कन्या :** आज काम विलंब से पूरे होंगे। अति आत्मविश्वास के कारण समस्या बढ़ेगी। लोगों के निशाने में आ सकते हैं। नजदीकी मित्रों के साथ सम्बन्ध मधुर रखें।

**तुला :** आज उधार लेने से बचें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिलेगा। प्रेम सम्बन्धों में तनाव रहेगा। किसी के प्रति विरोध उत्पन्न हो सकता है। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**वृश्चिक :** आज सामान्य गलतियों की अनदेखी न करें। दिनचर्या में सकारात्मकता को शामिल करें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको पूरा ध्यान देना पड़ेगा।

**धनु :** आज कार्यक्षेत्र की बाधाएं दूर हो जायेंगी। भाग्यशाली रहेंगे। धन लाभ होगा। बाहरी लोगों को निजी मामलों में दखल से दूर रखें। यात्रा के दौरान अतिरिक्त धन लेकर निकलें।

**मकर :** आज वाहन सावधानी से चलायें। प्रेम सम्बन्धों में शंका उत्पन्न हो सकती है। दर्द की समस्या हो सकती है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन अच्छा नहीं है।

**कुम्भ :** आज कारोबार के लिए ऋण ले सकते हैं। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है, उसको लेकर कोई राय न दें।

**मीन :** आज निर्माण क्षेत्र से जुड़े कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। नौकरी में स्थान-परिवर्तन हो सकता है। साथ काम करने वालों का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 2918

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

➲ *बायें से दायें:-* 2) सर्वज्ञात; एक फल, 4) ख़ानाबदोश, 7) जमावड़ा, 9) रखवाला, 10) आर्य समाज वर्ग; अक्षर, 11) एक जग-प्रसिद्ध यातायाती समुद्री नहर, 13) भुजंगभोजी; नकुल, 14) मौलिक *(अधिकार)*; आधारभूत, 16) लवण, 18) अनखिला फूल, 19) छाप; प्रभाव, 20) आधार; बैसाखी *(अपाहिज के लिए)*; सहयोग, 22) समस्यापूर्ति; निपटारा; खुलासा, 23) पकड़ना, 24) धनाढ्य, 25) मयूरी, 27) बघार, 28) अनुचित, 29) उत्साह; नशा; लगन; सनक.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) मृत्यु, 2) वर्तमान दिन, 3) पानी *(बच्चों की भाषा)*, 4) टाँग के बीच का जोड़, 5) एक दल-हन, 6) औचक, 8) चार सौ बीसी; घोटाला; गोल-माल, 12) सामान्य, 13) सज्जन; सदाचारी, 15) ओझा, 17) स्वेच्छाचार; हेकड़ी, 18) एक गहना जो कमर में पहना जाता है; मेखला, 19) अमूल्य, 20) पारंपरिक; अत्यंत प्राचीन, 21) राज्य प्रशासन, 22) सुहागिन, 26) व्यग्र; मग्न.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ■ | बे | ला | ■ | का | ली | न | ■ | ऐ |
| र्य | ■ | स | ज | धा | ज | ■ | ग | ह | रा |
| वे | त | न | ■ | व | ल | य | ■ | ■ | व |
| क्ष | ■ | ■ | क | ल | ■ | शो | ह | र | त |
| क | ट | धा | रा | ■ | अं | धा | ■ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | मा | त्रा | ■ | रा | म | दा | स |
| श | रा | र | त | ■ | ना | ■ | ट | ■ | त |
| गू | ■ | सी | ■ | आ | व | श्य | क | ■ | ल |
| फ़ा | ■ | द | म | न | ■ | ■ | ना | रा | ज |

## सुडोकू-पहेली-2878

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | | 6 | | 9 |
| | 2 | 1 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 4 | | 3 | | | | 1 | |
| 5 | | | | 8 | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 2 | | | |
| | | | 4 | | | 8 | | |
| 9 | | | | | | 7 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2877 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 8 | 5 |

# आदिवासियों की जमीन अब कोई नहीं छीन सकता : ममता

❑ मुख्यमंत्री ने कहा... 'वनों पर अधिकार आदिवासियों के हाथ में ही रहना चाहिए'
❑ मुख्यमंत्री ने केंद्र से सरना और साड़ी धर्म को मान्यता देने की दोहराई मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि पहले आदिवासियों की जमीनें छीन ली जाती थी, लेकिन अब इसे कोई नहीं छीन सकता है। उन्होंने कहा कि वनों (जंगलों) पर अधिकार आदिवासियों के हाथ में ही रहना चाहिए। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, क्योंकि उनका मानना था कि जंगल पर आदिवासियों का अधिकारी होना चाहिए। हमारी सरकार ने इसी स्वीकार किया है और जंगल व आदिवासियों की जमीन उनके पास सुरक्षित रहे, इसके लिए पहले ही कानून पारित किया है। अब आदिवासियों की जमीन कोई नहीं छीन सकता। शुक्रवार को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर कोलकाता के राजरहाट-न्यूटाउन स्थित आदिवासी भवन में राज्य के आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ममता ने यह बात कही। ममता ने कहा कि हमने जंगलमहल में शांति बहाल की है। इस दौरान, ममता ने सरना और साड़ी धर्म को मान्यता दिए जाने की भी मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि केंद्र से इसे तुरंत मान्यता मिलनी चाहिए। ममता ने इस मौके पर बीते 13 वर्षों के अपने शासन में तृणमूल सरकार द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए उठाए गए कदमों और कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। ममता ने कहा कि आदिवासियों के विकास के लिए बजट आवंटन पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है। हमने संथाली भाषा को मान्यता दी है। पहले आदिवासी विकास के लिए कोई विभाग नहीं था। ममता ने कहा कि हमने आदिवासी छात्रों के लिए छऊ अकादमी और 310 छात्रावास बनाए हैं। प्रदेश में 21 लाख 62 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है। आदिवासी बच्चों के लिए बड़ी संख्या में आइसीडीएस केंद्र स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान व संघर्ष को याद किया। समारोह में ममता ने बंगाल के आदिवासी समुदायों की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य इस दिन को बिरसा मुंडा दिवस के रूप में मना रहा है और अगले सात दिनों तक बंगाल के सभी जिलों में यह उत्सव जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने पुलिस, दमकल और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां बढ़ाईं

दुर्गा पूजा, काली पूजा, भाईफोंटा पर सरकारी कर्मचारियों को तो छुट्टी मिलती है, लेकिन उस दौरान पुलिसकर्मी, दमकल, स्वास्थ्य सेवा जैसी आपातकालीन सेवा के सरकारी कर्मचारी लगातार ड्यूटी करते हैं। इस कारण उन्हें साल में 10 विशेष छुट्टी मिलती थी। इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिसकर्मियों, दमकलकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, नगर निगम कर्मचारियों की छुट्टी बढ़ा दी है। छुट्टियों की संख्या 10 दिन से बढ़ाकर 15 दिन कर दी गई है। ममता ने आदिवासी भवन से बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो लोग लोगों के लिए 24 घंटे काम करते हैं उन्हें वह सम्मान मिलना चाहिए जिसके वे हकदार हैं।' मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस कर्मियों का जिक्र किया, बाद में दमकल कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, नगर निगम के कर्मियों को भी 'विशेष छुट्टियों' की सूची में शामिल करने को कहा।

## तृणमूल विधायक ने अभिषेक बनर्जी को उप मुख्यमंत्री बनाने की मांग उठाई

❑ हुमायूं कबीर ने कहा... 'अभिषेक को गृह विभाग भी दिया जाना चाहिए'



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर नए व पुराने को लेकर जारी अंदरूनी कलह के बीच पार्टी के एक वर्ग द्वारा दल के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी को सरकार में अहम जिम्मेदारी देने की मांग लगातार उठ रही है। इस बीच, मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर से तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने अभिषेक बनर्जी की तारीफ करते हुए 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के पास बहुमत नहीं है। मोदी सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और विपक्षी आईएनडीआईए ब्लॉक दिल्ली में अगली सरकार बनाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की अहम भूमिका होगी। उन्हें दिल्ली में भी काम संभालना होगा। इसलिए यह जरूरी है कि अभिषेक बनर्जी को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए, ताकि जब ममता बनर्जी केंद्र में काम संभालें तो राज्य का काम अच्छे से चल सके। कबीर ने कहा कि अभिषेक को गृह विभाग भी दिया जाना चाहिए और वह इसे अच्छे से संभाल सकते हैं। तृणमूल विधायक ने कहा कि अभिषेक बनर्जी एक योग्य उत्तराधिकारी बन गए हैं। पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव जैसे अहम पद पर हैं। अगर उन्हें एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद दिया जाता है, तो पार्टी मजबूत होगी। यह जल्द ही होना चाहिए। कम से कम फरवरी 2025 तक उन्हें उप मुख्यमंत्री बना देना चाहिए।

समाज्ञा
हिन्दी दैनिक

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल-एएसएन-कॉन-एएफएल-163-2024-एनआईटी, दिनांक 13.11.24, निविदा सं. ईएल-एएसएन-कॉन-एएफएल-163-2024;** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु समुचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, साझेदार प्रतिष्ठानों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** मौजूदा हावड़ा-नई दिल्ली रूट के तहत प्रति घंटा 160 किमी गति वृद्धि के संबंध में पूर्व रेलवे के हावड़ा एवं आसनसोल मंडलों में एचबीसी होकर हावड़ा-प्रधानखांटा अनुभाग में एसपी, एसएसपी एवं टीएसएस के लिए ऑटो ट्रांसफॉर्मर न्यूट्रल करंट रेशियो पर आधारित 2x25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम के लिए ऑटोमैटिक फॉल्ट लोकेटर (एएफएल) की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **निविदा मूल्य:** रु. 8,63,10,000; **बयाना राशि:** रु. 5,81,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 6 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 05.12.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। इस निविदा के तहत ऊपर वर्णित निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत ऊपर उल्लेखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को अथवा उससे पहले **www.ireps.gov.in** से निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जा सकता है एवं वहीं पर बोलियां जमा की जा सकती है। सभी पहलुओं में परिपूर्ण तथा ऊपर उल्लेखित सभी दस्तावेज के साथ निविदा www.ireps.gov.in पर इस निविदा के तहत अपलोड किया जाना चाहिए। निविदा के लिए बोलियां ई-निविदा के जरिए ऊपरोक्त वेबसाइट पर जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव जमा किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएवं तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण तथा समय समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/एएसएन, पश्चिम बर्द्धमान, आसनसोल-713301 के सूचना पट्ट पर भी देखी जा सकती है। (CON-72/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## तृणमूल ने चुनावी बांड के रूप में लॉटरी व्यवसायी से 600 करोड़ लिए : शुभेंदु अधिकारी

❑ भाजपा नेता ने तृणमूल पर लॉटरी घोटाले में शामिल होने का लगाया आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** लॉटरी टिकटों के जरिए करोड़ों रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा शुक्रवार को दक्षिण कोलकाता में एक लॉटरी व्यवसायी के कार्यालय सह आवास से 8.80 करोड़ रुपये की नकदी जब्त किए जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को घेरते हुए घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत में शुभेंदु ने कहा कि वे लगातार दो वर्षों से राज्य में लॉटरी घोटाले के बारे में लगातार बात कर रहा हूं। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम लिए बिना शुभेंदु ने कहा कि डियर लॉटरी, मार्टिन लॉटरी ये सब भाईपो का है। शुभेंदु ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस ने चुनावी बांड के रूप में डियर लॉटरी से 600 करोड़ रुपये लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 600 करोड़ आधिकारिक तौर पर जबकि 400 करोड़ रुपये गैरकानूनी तरीके से तृणमूल कांग्रेस ने डियर लॉटरी से लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने दो वर्षों में डियर लॉटरी से साढ़े चार हजार करोड़ रुपये का टैक्स लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लॉटरी घोटाले का पैसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं और आई-पैक के पास गया है। शुभेंदु ने आगे कहा कि मवेशी तस्करी मामले में आरोपित तृणमूल नेता अनुब्रत मंडल और उनकी बेटी ने एक करोड़ की लॉटरी जीती। यहां तक कि जोड़ासांको से तृणमूल विधायक विवेक गुप्ता और उनकी पत्नी ने भी लॉटरी जीती। लेकिन आम लोगों को कुछ नहीं मिला, जिन्होंने मेहनत की कमाई से लॉटरी के टिकट खरीदे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राज्य की सरकारी लॉटरी को बंद कर ममता सरकार ने डियर लॉटरी को लॉटरी व्यवसाय सौंप दिया।

## हावड़ा ब्रिज आज रातभर रहेगा बंद, विशेषज्ञ करेंगे ब्रिज की जांच



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता शनिवार रात को रवींद्र सेतु (हावड़ा ब्रिज) की स्वास्थ्य जांच करने वाला है। इस कारण हावड़ा ब्रिज शनिवार की रात 11.30 बजे से रविवार की सुबह 04.30 बजे तक पांच (05) घंटों के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार के वाहन की आवाजाही ब्रिज पर बंद रहेगी। कोलकाता जाने के लिए हावड़ा की ओर से आने वाले सभी वाहनों को हावड़ा ब्रिज के बजाय बी सेतु-बर्न स्टैंडर्ड मोड़-फोरशोर रोड-काजीपाड़ा के माध्यम से विद्यासागर सेतु (दूसरा हुगली ब्रिज) की ओर मोड़ दिया जाएगा। दक्षिण हावड़ा और पश्चिम हावड़ा की ओर से आने वाले सभी गाड़ियां जो उत्तर कोलकाता की ओर जाने के लिए हावड़ा ब्रिज का उपयोग करना चाहते हैं, वे एचआईटी ब्रिज-गोलाबाड़ी थाना क्रॉसिंग-जीटी रोड या डॉब्सन रोड-जीटी रोड या सीएम ब्रिज-जीटी के माध्यम से निवेदिता सेतु/बाली ब्रिज का उपयोग कर सकते हैं।

**पूर्व रेलवे**

मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **डीईएन/4/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 260_2024-25, दिनांक 14.11.2024. कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल - डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/बीएचपी के अधीन केएएन-एसएनटी डाउन 17.400-18.800=1.400 किमी, डाउन 46-47=1 किमी, अप 2.950-3=0.050 किमी, अप 15.900-16.200=0.300 किमी, अप 20.400-20.700=0.300 किमी, अप 21-22.700=1.700 किमी, अप 45-45.900 = 0.900 किमी, अप 45.900-48=2.100 किमी - टीएफटीआर-7.75 किमी। **अनुमानित लागत:** रु. 12,08,74,560.79; **बयाना राशि:** रु. 7,54,400। **क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 261_2024-25, दिनांक 14.11.2024. कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल - डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/आरपीएच के अधीन एसएनटी-एनएचटी डाउन 88.433-88.553=0.120 किमी, डाउन 88.625-88.736=0.111 किमी, डाउन 107.004-107.008=0.004 किमी, डाउन 108.002-108.006=0.004 किमी, एनएचटी-बीडीएजी डाउन 122-124=2 किमी, डाउन 143.200-143.300=0.100 किमी, डाउन 146.400-146.550=0.150 किमी, डाउन 154.400-154.600=0.200 किमी, डाउन 165.955-166.660=0.705 किमी, डाउन 167.290-167.390=0.100 किमी, डाउन 167.500-167.750=0.250 किमी, डाउन 167.820-167.920=0.100 किमी, डाउन 168.192-168.900=0.708 किमी, डाउन 168.564-168.664=0.100 किमी, डाउन 170.490-170.640=0.150 किमी, डाउन 171.801-172.100=0.299 किमी, अप 122-123=1 किमी, अप 124-126=2 किमी, अप 153.838-153.948=0.110 किमी, अप 154.205-154.305=0.100 किमी, अप 154.345-154.445=0.100 किमी, अप 165.995-166.660=0.705 किमी, अप 167.318-167.398=0.080 किमी, अप 167.546-167.746=0.200 किमी, अप 167.820-167.920=0.100 किमी, अप 168.564-168.764=0.200 किमी, अप 170.390-170.450=0.060 किमी - टीएफटीआर 10.395 किमी। **अनुमानित लागत:** रु. 16,20,34,190.97; **बयाना राशि:** रु. 9,60,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए 09.12.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-420/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संशोधन**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व प्रकाशित डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन **ई-निविदा सं.: 217_2024-25** में संशोधन। ऊपर उल्लेखित निविदा के **बंद होने की तारीख** 20.11.2024 से आगे बढ़ा कर **दिनांक 09.12.2024** कर दी गई है। कथित निविदा सूचना के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे।

(HWH-421/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**DEBRA THANA SKS MAHAVIDYALAYA**
**Chakshyampur, Debra, Paschim Medinipur.**

**NOTICE INVITING TENDER**


E Tender (ID-2024_DHE_2024_DHE_769728_1) dated: 14/11/2024
Tender Reference No. dtsksm/NIT63/24

E-Tenders are invited from eligible Suppliers/agencies for Supply of Laboratory Equipment for Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya with adequate credentials and financial capabilities. Intending bidder may download the tender documents from the website https://wbtenders.gov.in

**Sd/- (Dr. Rupa Dasgupta)Principal**
**Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya**
**Chakshyampur, Debra, Paschim Medinipur.**

## कोलकाता में तृणमूल पार्षद पर फायरिंग की कोशिश, गोली नहीं चलने से बाल-बाल बचे

### स्थानीय लोगों ने पिस्तौल के साथ बदमाश को पकड़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के कसबा इलाके में एक्रोपोलिस मॉल से कुछ कदम की दूरी पर शुक्रवार की देर शाम अपने घर के सामने बैठे कोलकाता नगर निगम के वार्ड 108 के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सुशांत घोष पर हथियारबंद बदमाश ने फायरिंग की कोशिश की। हालांकि, गोली नहीं चलने से पार्षद बाल-बाल बच गए। गोली नहीं चलने के बाद भागने की कोशिश कर रहे बदमाश को पार्षद के समर्थकों और स्थानीय लोगों ने हथियार के साथ पकड़ लिया। उसके पास से नाइन एमएम का एक पिस्तौल और मैगजीन मिला है। हथियार सहित उसे कसबा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद इकबाल है। वह बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला बताया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। यह घटना उस वक्त घटी जब तृणमूल पार्षद हर दिन की तरह अपने घर के सामने गेट के पास बैठकर दो लोगों के साथ बातचीत कर रहे थे। पार्षद के अनुसार, शाम करीब 8.10 बजे एक्रोपोलिश मॉल की तरफ से एक बाइक से अचानक दो युवक पहुंचा। पीछे बैठे युवक ने बाइक से उतरकर उनके नजदीक आकर उनपर बंदूक तान दी। हालांकि, दो बार फायरिंग की कोशिश के बावजूद गोली नहीं चली। इसके बाद, उसने भागने की कोशिश की, हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। वहीं, बाइक चला रहा उसका साथी भाग निकला। इस घटना से घबराए तृणमूल पार्षद ने बिना किसी का नाम लिए आरोप लगाया कि मेरी हत्या की सुपारी दी गई थी। उन्होंने पुलिस से इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। इस घटना के बाद पार्षद के समर्थकों ने सड़क अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया।

**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा स्टेशन क्षेत्र में चाँदमारी रोड ओवरब्रिज (आरओबी) के मुख्य स्पैन गर्डर को आरंभ करने के लिए, **दिनांक 19.11.2024 (मंगलवार) से 24.12.2024 (मंगलवार) तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 19.11.2024 से 24.12.2024 तक): 37212 डाउन** बैण्डेल - हावड़ा लोकल हावड़ा के बदले बाली में (03.45 बजे) संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **37211 अप** हावड़ा - बैण्डेल लोकल हावड़ा के बदले बाली से (05.02 बजे) संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। ● **मेल/एक्सप्रेस का नियंत्रण (दिनांक 19.11.2024 से 24.12.2024 तक): (1) 13030** मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस को मार्ग में **1 घंटा 15 मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **(2) 03004** आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल (अनारक्षित) को मार्ग में **35 मिनट** के लिए नियंत्रित किया जाएगा। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## आरजीकर मामले में त्वरित जांच की मांग पर माकपा 21 नवंबर को निकालेगी मार्च : सलीम

**कोलकाता, समाज्ञा**



माकपा ने शुक्रवार को कहा कि वह 21 नवंबर को कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कार्यालय तक मार्च निकालेगी और आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले की जांच शीघ्र पूरी करने की मांग करेगी। यह मार्च कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा मामले को केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने के 100वें दिन निकाला जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि मार्च का उद्देश्य जांच में कथित देरी की ओर ध्यान आकर्षित करना और पीड़िता के लिए न्याय की मांग करना है। सलीम ने कहा कि 21 नवंबर को दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच अपने 100वें दिन में प्रवेश करेगी। हम त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर सीबीआई कार्यालय तक विरोध मार्च निकालेंगे।

## पश्चिम बंगाल से मादक पदार्थों का कुख्यात तस्कर गिरफ्तार : एनसीबी



**नयी दिल्ली/कोलकाता :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पश्चिम बंगाल से एक 'कुख्यात' अंतराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। एजेंसी ने बयान में कहा कि गौतम मंडल को 13 नवंबर को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया। एनसीबी ने कहा कि गौतम मंडल एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर है, जिसका सोने की तस्करी का इतिहास रहा है। उसके खिलाफ करोड़ों रुपये के सोने की तस्करी के लिए डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) में तीन मामले दर्ज हैं। एजेंसी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजे जाने वाले सीबीसीएस (कोडीन आधारित कफ सिरप) की अवैध तस्करी पर भी अपना शिकंजा कसा था। एजेंसी के अनुसार, गौतम मंडल मादक पदार्थों के तीन मामलों में लंबे समय से वांछित अपराधी था, जिसकी जांच पश्चिम बंगाल का विशेष कार्य बल कर रहा है। एनसीबी की जांच में पाया गया कि गौतम मंडल की गिरफ्तारी उसके मादक पदार्थ तस्करी संगठन के कामकाज के लिए एक बड़ा झटका है।

## सोशल मीडिया पर निष्क्रिय रहने को लेकर कुणाल घोष ने की पार्टी नेताओं की आलोचना

❑ कहा... 'पार्टी के कुछ नेता कुंभकर्ण की तरह निद्रा में रहते हैं'



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल नेता कुणाल घोष ने सोशल मीडिया पर निष्क्रिय रहने को लेकर अपनी पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं, सांसदों व विधायकों की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि कुछ नेता कुंभकर्ण की तरह निद्रा में रहते हैं। उन्होंने पूछा कि क्या हमारे जनप्रतिनिधियों की संख्या कम है? विपक्ष के आरोपों व बदनाम करने वाले पोस्टों पर वे जवाबी पोस्ट क्यों नहीं करते? इनमें से अधिकतर नेता के पास महंगे स्मार्ट फोन हैं। उन्होंने शिकायत की कि पार्टी नेतृत्व द्वारा बार-बार कहे जाने के बावजूद कई वरिष्ठ नेता सोशल मीडिया पर निष्क्रिय हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को एक बैठक में उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि पार्टी में सांगठनिक कमेटी के गठन के वक्त जितने लोग पद मांगते नजर आते हैं, चुनाव आने पर टिकट के लिए मारामारी करते हैं, उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के पोस्ट को रिप-ोस्ट करने की जरूरत तक महसूस नहीं होती।

**Office of the**
**Balarampur Panchayat Samiti**
**Vill+ P.O. Rangadih, P.S.:- Balarampur,**
**Dist.- Purulia, Pin-723143**
**NOTICE INVITING E-TENDER**

Notice inviting e-tender office of the Executive Officer, Balarampur Panchayat Samiti, Dist: Purulia the details in the table below:
Website: **wbtenders.gov.in**

| SL NO | NIET | Fund | Last Date |
|---|---|---|---|
| 1 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-02/2024-25 | SBM (GWM) 2024-25 | 29/11/2024 up to 6.55 pm |
| 2 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-03/2024-25 | | |
| 3 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-04/2024-25 | | |
| 4 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-05/2024-25 | | |
| 5 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-06/2024-25 | | |
| 6 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-07/2024-25 | | |
| 7 | WB/EO/BLR/PS/NIeT-08/2024-25 | | |

**Sd/-**
**Executive Officer**
**Balarampur Panchayat Samiti**

## क्या इस वर्ष पुस्तक मेले में नहीं होगा बांग्लादेशी स्टॉल?

❑ 28 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा 48वां अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला
❑ इस वर्ष का 'थीम देश' होगा जर्मनी




**कोलकाता, समाज्ञा :** पुस्तक मेले में बांग्लादेश में स्टॉल होने को लेकर अनिश्चितता है। बांग्लादेश का पेवेलियन नहीं होने की संभावना काफी प्रबल है। गिल्ड को सरकार के निर्देशों का इंतजार है। यह अनिश्चितता बांग्लादेश की स्थिति के कारण है। इस वर्ष पुस्तक मेला 28 जनवरी से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। हालांकि, पुस्तक मेला अधिकारियों ने कहा कि जगह की कमी के कारण किसी नए प्रकाशक को स्टॉल नहीं दिया जा सका है। इस वर्ष का 'थीम देश' जर्मनी है। ग्रेट ब्रिटेन, अमेरिका, स्पेन, पेरू, अर्जेंटीना, कोलंबिया समेत कई देश हिस्सा ले रहे हैं। राज्य के प्रकाशन गृहों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, गुजरात भाग ले रहे हैं।

बुकसेलर एंड पब्लिशर्स गिल्ड के अध्यक्ष त्रिदीब कुमार चट्टोपाध्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रह बात कही। लेकिन वह बांग्लादेश का मुद्दा नहीं उठाते। उनसे पूछा गया कि क्या बांग्लादेश इसमें भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की उभरती स्थिति में हम सरकार के निर्देश के बिना कुछ नहीं कह सकते। बदलती परिस्थितिरों में इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि पिछले साल पुस्तक मेले में 27 लाख लोग आये थे। पिछले वर्ष पुस्तक मेले में बांग्लादेश मंडपों की संख्या भी उल्लेखनीय थी।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# हावड़ा स्टेशन पर आरपीएफ ने एक यात्री के बैग से 770 ग्राम सोने के गहने किए जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा**

हावड़ा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने एक सफल अभियान चलाते हुए एक यात्री के पास से भारी मात्रा में सोने, चांदी के गहने और नकदी जब्त की। इस अभियान में आरपीएफ ने लगभग 770 ग्राम सोने के गहने, चांदी की कलाकृतियां और 40 हजार रुपये जब्त किए। एक गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर अनुपम कुमार



और उनकी टीम ने प्लेटफार्म नंबर 10 पर खड़ी ट्रेन नंबर 13023 (हावड़ा-गया एक्सप्रेस) पर एक जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें हरीश कुमार वर्मा(46) के रूप में पहचाने गए एक यात्री पर संदेह हुआ। बह बिहार के भागलपुर का रहने वाला है। पूछताछ करने पर हरीश ने अपने सामान में पर्याप्त मात्रा में सोने के गहने ले जाने की बात स्वीकार की। इन बरामदगी में 769.9 ग्राम के सोने के गहने, जिसमें लॉकेट, अंगूठियां, चेन, झुमके और चूड़ियां जैसी विभिन्न वस्तुएं शामिल हैं। चांदी के तीन सिंहासन जिनका वजन कुल 385 ग्राम है और नकद 40 हजार रुपये शामिल है। इसके अलावा, आभूषणों के दो कच्चे बिल और सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। पकड़े गए यात्री सहित कीमती सामान को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया है।

## मैदान में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कोलकाता, समाज्ञा**

मैदान से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है कि उस व्यक्ति का शव शुक्रवार की सुबह करीब 8.30 बजे डफरिन रोड के पास एक नाले में मिला। बाद में, मैदान पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर एसएसकेएम अस्पताल भेजा। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि शख्स की मौत कैसे हुई।

पुलिस का मानना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट हाथ आने पर पूरा मामला पता चल जायेगा। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में मैदान में डफरिन रोड के पास कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे। उन्हें शव नाले के सामने पड़ा मिला। बाद में, मैदान थाने को



सूचना दी गरी।

इसके बाद, उसे एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उस व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का मानना है कि व्यक्ति की उम्र 50 के आसपास होगी। प्रत्यक्षदर्शियों का अनुमान है कि व्यक्ति पैदल यात्री है। लेकिन पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर उसकी ऐसी हालत कैसे हो गई।

## कुशल पल्ली में बिरसा मुंडा की आवक्ष मूर्ति का अनावरण



**पुरुलिया :** आदिवासियों के भगवान, स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी योद्धा बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती पर कुशल भारत समूह द्वारा संचालित कुशल पल्ली रिसोर्ट में आवक्ष प्रतिमा का अनावरण राज्य की मंत्री ज्योत्स्ना मांडी ने किया। इस दौरान, अपने संबोधन में उन्होंने बिरसा मुंडा की वीरता और देशप्रेम का महिमा गान किया। कुशल भारत समूह के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक नरेश कुमार अग्रवाल ने अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारी, पुरुलिया जिला के गणमान्य व्यक्ति तथा स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आदिवासी समुदाय के लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया जिसे सबने सराहा।

# एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ में बाल दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एम.सी. केजरीवाल विद्यापीठ ने 14 नवंबर 2024 को बाल दिवस का जश्न मनाया, जिसमें स्कूल की सबसे बड़ी धरोहर, उसके छात्रों, का सम्मान किया गया। यह दिन छात्रों के लिए खुशियों से भरपूर रहा। प्रत्येक कक्षा केछात्रों के लिए विशेष गतिविधियों का आयोजन हुआ। समारोह की शुरुआत शिक्षकों द्वारा आयोजित एक विशेष सभा से हुई, जिसमें उन्होंने मंच पर आकर बच्चों के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को काव्य और गीतों के मधुर मिश्रण से अभिव्यक्त किया।प्री-नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के सबसे छोटे बच्चों के लिए यह दिन हँसी और खुशी से भरा रहा। उन्होंने मजेदार झूलों का आनंद लिया, रोमांचक खेल खेले और





अपनी कक्षा में आयोजित पार्टियों में दोस्तों के साथ बेहतरीन समय बिताया। तीसरी और चौथी कक्षा के छात्र जादू का कार्यक्रम देखकर मंत्रमुग्ध हो गए, जबकि पांचवीं कक्षा के छात्रों ने बुकमार्क और मास्क बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छठवीं कक्षा के छात्रों के लिए विज्ञान संबंधी जादू के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान के सिद्धांतों को रोमांचक प्रयोगों के माध्यम से जीवंत किया गया। इसके बाद बच्चों ने फिल्म देखी और अपने सहपाठियों के साथ कक्षा - पार्टी में शामिल हुए, जिससे उनका दिन और भी यादगार बन गया। सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। इसके बाद फिल्म दिखाई गई और कक्षा में पार्टी का आयोजनकिया गया। दसवीं और बारहवीं कक्षा के वरिष्ठ छात्र भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे शिक्षकों के साथ उनका आत्मीय संबंध और भी प्रगाढ़ हुआ। नौवी और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने वॉलीबॉल मैच के साथ उत्सव का समापन किया, जिसमें टीम वर्क और खेल भावना की शानदार मिसाल देखने को मिली। इन रोचक तथा मनमोहक कार्यक्रमों ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। यह दिन शिक्षक तथा छात्र दोनों के लिए यादगार बन गया।

## डब्ल्यूबीपीएससी क्लर्कशिप (पार्ट-ख) परीक्षा के लिए 17 नवंबर को ब्लू लाइन पर चलेंगी अतिरिक्त मेट्रो

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता का मेट्रो रेलवे वेस्ट बंगाल पब्लिक सर्विस कमिशन क्लर्कशिप (पार्ट- ख) परीक्षा, 2023 के उम्मीदवारों के लिए 17 नवंबर (रविवार) को ब्लू लाइन पर अतिरिक्त सेवाएं चलाने जा रहा है। उस दिन, मेट्रो रविवार को चलने वाली सामान्य 130 सेवाओं के बजाय ब्लू लाइन पर 138 (69 अप + 69 डाउन) सेवाएं चलाएगी। इन 138 सेवाओं में से 133 सेवाएं (65 अप और 68 डाउन) दक्षिणेश्वर के लिए और वहां से उपलब्ध होंगी। ब्लू लाइन पर 08 सेवाएं (04 अप और 04 डाउन) उस दिन सुबह 07.00 बजे से 09.00 बजे के बीच 30 मिनट के अंतराल पर चलेगी। सुबह 09.00 बजे के बाद से सामान्य रूप से मेट्रो चलेंगी। इस



दिन, मेट्रो की पहली सेवा, दमदम से कवि सुभाष तक सुबह 7 बजे, कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक सुबह 7 बजे, दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक 07:15 बजे चलेगी। वहीं, आखिरी मेट्रो अपरिवर्तित रहेंगी। उस दिन ग्रीन लाइन-2 पर सामान्य रविवार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। रविवार होने के कारण ग्रीन लाइन-1, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर ट्रेन सेवाएं हमेशा की तरह निलंबित रहेंगी।

## अशोक नगर पर स्थानीय लोगों के अवरोध के कारण ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा**

देव दीपावली उत्सव के अवसर पर शुक्रवार को बाबू घाट (बाजे कदमतला घाट) पर आयोजित सभा के लिए सियालदह डिवीजन ने सर्कुलर रेलवे ट्रेनों का शॉर्ट-टर्मिनेशन और डायवर्जन किया। यह कदम पुलिस उपायुक्त, पोर्ट डिवीजन, कोलकाता के एक औपचारिक अनुरोध के बाद किया गया है। जिसमें सुरक्षा के आधार पर कुछ सर्कुलर रेलवे सेवाओं को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले भक्तों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

इस दिन, 08:14 बजे, सियालदह डिवीजन के दमदम कैंट- मछलंदपुर खंड पर अशोक नगर स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने अवरोध किया। इस अवरोध के कारण अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं।

इसके साथ ही, 30344 डाउन और 33819 अप की आवाजाही को भी प्रभावित किया है। कथित तौर पर स्थानीय निवासियों ने बाबू घाट पर देव दीपावली उत्सव के लिए नामित सर्कुलर ट्रेनों की शॉर्ट-टर्मिनेशन और डायवर्जन का विरोध किया है। रेलवे अधिकारियों की कोशिशों के बाद, 30344 डाउन बनगांव- माझेरहाट लोकल 9.33 बजे अशोकनगर से टाला के लिए रवाना हुई।



कोलकाता नगर निगम द्वारा देव दीपावली के शुभ अवसर पर बाजे कदमतला घाट पर आयोजित गंगा आरती के कार्यक्रम का उद्घाटन करते तृणमूल सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, तृणमूल सांसद माला राय समेत अन्य गण्यमान्य अतिथि।

## राज्य सरकार ने देव दीपावली मनाने के लिए सर्कुलर रेलवे सेवाएं की निलंबित

❑ **ट्रेन सेवाओं में कमी के कारण यात्री हुए परेशान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा और काली पूजा खत्म होने के बाद भी राज्य सरकार त्योहारी सीजन को खत्म करने को तैयार नहीं है। राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार को देव दीपावली के आयोजन के लिए कुछ सर्कुलर रेलवे सेवाओं को डायवर्ट तो कुछ को निलंबित किया गया। ट्रेन सेवाओं में कमी के कारण यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर, कोलकाता पुलिस के उपायुक्त, पोर्ट डिवीजन ने सियालदह डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर को एक पत्र जारी किया है जिसमें देव दीपावली के जश्न के लिए 15 नवंबर को सर्कुलर रेलवे सेवाओं को निलंबित



करने की सलाह दी गई है। रेलवे ने सरकारी अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए रेल सेवाओं को निलंबित किया। लोकल ट्रेनों से काफी लोगों का दैनिक रूप से रोजगार चलता है। इस तरह एक दिन के लिए रेल सेवा बंद होने से दैनिक रूप से कमाने वाले हॉकरों की जीविका भी प्रभावित हुई।

## आगलगी में घर जलकर ख़ाक, एक झुलसा

**जलपाईगुड़ी :** जिले के राजगंज ब्लॉक में आग लगने से एक घर जलकर ख़ाक हो गया। घटना ब्लॉक के फाटापुकुर संलग्न गाठियागंज गांव में गुरुवार देर रात घटी है। इस घटना में घर के मालिक तारिकुल मोहम्मद झुलस गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गांव निवासी तारिकुल मोहम्मद के घर से देर रात आग की लपटों को उठते हुए देखा गया। उस वक्त तारिकुल केघर में कोई नहीं था। आग लगने की खबर तारिकुल को दी गई। खबर मिलते ही तारिकुल मौके पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तारिकुल ने आग बुझाने की कोशिश की। आग बुझाने की कोशिश में तारिकुल घायल हो गए। घटना के बाद तारिकुल को राजगंज ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।बाद में फूलबाड़ी दमकल केंद्र से एक इंजन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया।

### गुदा नलिका के बहुत करीब मलाशय कैंसर से पीड़ित महिला की हुई सफल सर्जरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मणिपाल हॉस्पिटल, मुकुंदपुर के चिकित्सक द्वारा एक महिला का सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। पीड़ित महिला के गुदा नलिका के बहुत करीब मलाशय का कैंसर हो गया था। चिकित्सकों ने महिला के कैंसर को हटाने के लिए गुदा नलिका सहित उसके पूरे मल मार्ग को हटाने की आवश्यकता बताते हुए स्थायी कोलोस्टॉमी करनी की बात कही। अन्यथा महिला का ट्यूमर/कैंसर अधूरे निष्कासन के कारण पीछे रह जाएगा। डॉ. संजय मंडल, कंसल्टेंट जीआई सर्जन लेप्रोस्कोपी और ऑन्कोसर्जरी, मणिपाल हॉस्पिटल , मुकुंदपुर द्वारा देखे जाने के बाद आईसीजी नेविगेशन और विशेष पावर स्टेपलर और नई ट्रांसनल तकनीक की मदद से महिला की सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई और न केवल ट्यूमर को पूरी तरह से हटाया जा सका बल्कि उसकी गुदा नलिका को संरक्षित किया जा सका, जिससे स्थायी कोलोस्टॉमी से बचा जा सका।

## 7 हजार नागरिकों का ब्लड सुगर (मधुमेह) परीक्षण



**कोलकाता :** लायन्स इंटरनेशनल जिला 322 बी 1 द्वारा लायरा (वूमेंस वियर) के सहयोग से 24 मेट्रो स्टेशन में 7 हजार नागरिकों का ब्लड सुगर (मधुमेह) परीक्षण किया गया। लायन सुभाष मुरारका एवम् प्रदीप नैयर ने बताया डायबीटिक के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से सेवा शिविर में डी जी सलोनी साल्वी, वीडीजी मंजू चमड़िया, प्रमिल रूंगटा, पीडीजी रश्मि बागला, कैलाश खंडेलवाल, लेखा शर्मा, सूरज बागला, पुष्पा अग्रवाल, प्रमोद चांडक, केदारनाथ गुप्ता एवम् डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन (डायबीटिक) लीला मुरारका, मोहनलाल अग्रवाल, विनीता झुनझुनवाला, इंद्राणी चौधरी, सुदर्शन जेना, कुसुम भंडारी, दीपक छापरिया, अशोक जयसवाल एवम् 42 से अधिक लायन्स क्लब्स के तकरीबन 250 लायन बन्धु सक्रिय रहे। उन्होंने बताया डायबीटिक रोगियों की निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था इमामी फाउंडेशन एवम् लायन्स नॉर्थ हॉस्पिटल में की गई है। 16 नवम्बर को नदिया जिले के रेलवे स्टेशनों पर डायबीटिक कैम्प आयोजित किया जायेगा।





देव दीपावली के मौके पर हावड़ा के राम कृष्णपुर घाट पर आयोजित गंगा आरती का मनोरम दृश्य

## राम शरद कोठारी स्मृति संघ ने धूमधाम से मनाया देव दीपावली



**कोलकाता, समाज्ञा :** राम शरद कोठारी स्मृति संघ के तत्वावधान में शुक्रवार की शाम बड़ाबाजार के तारा सुंदरी पार्क में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में समाज के गण्यमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष वार्ड 23 के पार्षद विजय ओझा एवं प्रधान वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक, पश्चिम बंगाल के सह कार्यवाह सुनील सिंह उपस्थित रहे। प्रधान अतिथि केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने देव दीपावली का महत्व बताते हुए वीर राम शरद कोठारी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल (लाला) एवं शहीद राम शरद कोठारी की बहन पूर्णिमा कोठारी आदि ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में ब्रम्हानंद बंग, रामगोपाल सूंघा, रोहित शर्मा, विजय मारू, प्रदीप अग्रवाल, रजत चतुर्वेदी आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पंकज चौधरी ने गीत परिवेषण किया एवं मंच का कुशल संचालन संजय मंडल ने किया। कार्यक्रम के समापन कालांश में आतिशबाजी की गई और सम्पूर्ण क्षेत्र जगमगा उठा।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के संस्थापक अध्यक्ष वासुदेव टिकमानी को उनके 78वे जन्मदिन पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई






**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन' के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय श्रद्धेय वासुदेव टिकमानी को उनके जन्मदिन पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिसर में प्रतिष्ठित उनकी प्रतिमा पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विभागीय पदाधिकारियों द्वारा शिक्षाविद् वासुदेव टिकमानी जी के नि:स्वार्थ सेवाभाव को स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर पुष्पांजलि दी गई। उपरोक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष अपने वक्तव्य में संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय टिकमानी जी के वैचारिक आदर्श और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व से प्रेरित होकर नि:स्वार्थ भाव से अपने कार्य के प्रति दृढ़संकल्प होकर समाज और देश के प्रति सेवा करने की प्रेरणा दिये। टिकमानी जी विद्यालय के प्राणपुरूष थे, उनका व्यक्तित्व प्रेरणादायक तथा अविस्मरणीय हैं। वे हावड़ा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में बालक - बालिकाओं के शैक्षणिक उत्थान एवं उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति आजीवन नि:स्वार्थ भाव से समर्पित रहकर लिलुआ अंचल को शिक्षा हब में परिवर्तित किये। अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन तथा अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल दोनों विद्यालय हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा हैं उनकी प्रेरणा, आशीर्वाद से दोनों विद्यालय भविष्य में भी उन्नति के पथ पर अग्रसर रहें इसी कामना के साथ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सजल नेत्रों से श्रद्धेय वासुदेव टिकमानी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# कोलकाता में गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम लगातार बदल रहा है। खास कर दक्षिण बंगाल में रात का न्यूनतम तापमान और गिर सकता है। महानगर कोलकाता में गुलाबी ठण्ड ने दस्तक दे दी है। ऐसे में महानगर कोलकाता के सर्दी प्रेमियों को उक्त खबर से खुशी हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो महानगर में तापमान में गिरावट आए तो हैरत की बात नहीं है। अलीपुर मौसम कार्यालय के अनुसार, इस जलवायु में, कोलकाता का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इस बीच, उत्तर बंगाल में आने वाले कुछ दिनों में पारा गिरने लगेगा। कोलकाता समेत जिलों में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले हफ्ते की शुरुआत में कोलकाता का पारा गिरकर 17 तक पहुंच सकता है। वहीं पुरुलिया का तापमान 15 डिग्री रहेगा। कुल मिलाकर बंगाल में गुलाबी ठंड दस्तक दे चुकी है। अलीपुर मौसम कार्यालय के पूर्वानुमान के अनुसार, आज (शनिवार) कोलकाता,



हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा, पूर्व बर्द्धमान, पश्चिम बर्द्धमान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और में बारिश की कोई संभावना नहीं है। नादिया सह दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण बंगाल में पश्चिम बर्दवान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नादिया में मध्यम कोहरा रहेगा। महानगर कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पुरुलिया, बांकुड़ा आदि जिलों में भी तापमान लगातार गिर रहा है और गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। उत्तर बंगाल में पहले से ही तापमान में गिरावट है और जाड़े का असर है।

### टैब कांड में शामिल लोगों को गोली मार देनी चाहिए : अरूप चक्रवर्ती

**बांकुड़ा :** हमारे देश में किसी को गोली चलाकर मार देने का कोई कानून नहीं है। अगर होता तो ऐसे लोगों के लिए उचित था। बांकुड़ा के तृणमूल सांसद अरूप चक्रवर्ती ने टैब कांड में अपराधियों को कड़ी सजा देने की बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि टैब कांड में शामिल लोगों को गोली मार देनी चाहिए। लेकिन कानून इसकी इजाजत नहीं देता। बांकुड़ा के पूर्व सांसद का कहना है कि हैकर्स को अकाउंट नंबर कहां से मिलता है? पूरी घटना हैकर्स और तृणमूल नेताओं के एक गिरोह की आपसी मिली भगत से हुई। दरअसल, यह सरकार भ्रष्टाचार से लद गई है। इसलिए जब तक सरकार नहीं बदलती, इस तरह की जांच से कुछ नहीं होने वाला।

# बहरामपुर में किराए के मकान से युवती का अर्द्धनग्न शव बरामद, लिव इन पार्टनर गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** किराए के मकान की तीसरी मंजिल से एक युवती का अर्द्धनग्न शव बरामद हुआ है। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियो से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। यह घटना मुर्शिदाबाद के बहरामपुर में हुई। हत्या या आत्महत्या, यह स्पष्ट नहीं है। घटना में पुलिस ने लड़की के लिव-इन पार्टनर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान आफरीन तबस्सुम (23) के रूप में की गई है। वह मुर्शिदाबाद के



बेलडांगा की रहने वाली है। वह कई महीनों तक बहरामपुर के भाकुरी इलाके में अपने प्रेमी के साथ किराए के मकान में रहती थी। यह भी पता चला है कि युवती शादीशुदा थी। उनका एक चार साल का बच्चा भी है।

हालांकि, उसने अपने पति को छोड़ दिया और अपने प्रेमी के साथ किराए के घर में रहने लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से उस कमरे में किसी को नहीं देखा गया था। घर से सड़न की दुर्गंध आने लगी। संदेह के आधार पर स्थानीय लोगों ने घर में झांककर देखा तो युवती का शव मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि युवती की मौत दो दिन पहले हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। जांचकर्ता गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर असल घटना का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

# डायमंड हार्बर में 'डॉक्टर्स सम्मिट 2024', मुख्य वक्ता होंगे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी अपने लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में डॉक्टरों के साथ एक 'शिखर बैठक' में भाग लेंगे। इन अटकलों के बीच कि जूनियर डॉक्टरों और नागरिकों के आंदोलन के बाद तृणमूल ने चिकित्सा समुदाय के साथ 'दूरी' बना ली है। आरजीकर 'डॉक्टर्स समिट 2024' 30 नवंबर को आमतला में आयोजित किरा जाएगा। कार्यक्रम में तृणमूल सांसद और सत्तारूढ़ पार्टी के 'सेनापति' को 'सर्वोपरि वक्ता' बताया गया है। कार्रक्रम को पोस्ट-आरजीकर अध्याय में डॉक्टरों के साथ 'ब्रिजिंग' के रूप में वर्णित किया गया है। कार्यक्रम के पोस्टर




गुरुवार की रात से ही सोशल मीडिया पर फैलने लगे हैं। आयोजकों में से एक डॉक्टर और पूर्व तृणमूल राज्यसभा सांसद शांतनु सेन हैं। उस बैठक के बाद पूरे डायमंड हार्बर लोकसभा में 'सभी के लिए स्वास्थ्य' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

इस पहल से आम लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में एक बार फिर 'डायमंड हार्बर मॉडल' लागू होने जा रहा है। जैसा कि 2021 में कोविड के दौरान विधानसभा चुनावों के बाद हुआ था।

# लॉरी के धक्के से युवक की मौत, चालक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक और व्यक्ति ला-परवाह तेज रफ़्तार का शिकार हो गया। लॉरी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसा वेस्ट पोर्ट थाने के सोनारपुर रोड पर हुआ। तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घारल युवक को एसएसकेएम ट्रॉमा केयर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अपनी पहल पर मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। लॉरी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने किलर




लॉरी को भी जब्त कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत युवक का नाम मोहम्मद सुलेमान (35) है। वह मलकाहाटी इलाके के नुराली बस्ती का रहने वाला है। घटना के दिन वह सोनारपुर रोड पर साइकिल चला रहा था। रवीन्द्रनगर इलाके में एक ला-परवाह लॉरी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से सुलेमान सड़क पर गिर गया, जिससे सिर और शरीर के कई हिस्से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिरा। वेस्ट पोर्ट थाने की पुलिस ने अपनी पहल पर मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान लॉरी चालक प्रेमकुमार पटोआ को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह इच्छापुर मध्यपल्ली का रहने वाला है। प्रेमकुमार के खिलाफ भारतीर दंड संहिता की धारा 281/106(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दुर्घटनाएं रोकने को राज्य सरकार सख्त, बसों में कमीशन सिस्टम भी होगा समाप्त

# बंगाल सरकार ने बस संचालकों से लापरवाही से ड्राइविंग पर लगाम लगाने को कहा

❑ **बस दुर्घटना में किसी की मृत्यु होने पर दोषी चालक के खिलाफ हत्या का मामला होगा दर्ज**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर की सड़कों पर रेसिंग और लापरवाही से वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इसपर लगाम लगाने के लिए बंगाल सरकार सख्त रूख अख्तियार करने की तैयारी में है। हाल ही में, साल्टलेक इलाके में बस के धक्के से एक छात्र की हाल में हुई मौत की घटना से सबक लेते हुए राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने गुरुवार को बस संचालकों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर लापरवाही से ड्राइविंग पर लगाम लगाने के उपायों पर चर्चा की। मंत्री ने बस संचालकों से लापरवाही से ड्राइविंग व ओवरटेक पर लगाम लगाने के लिए हरसंभव प्रयास करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को गति की निगरानी के लिए चालकों के साथ वास्तविक समय संचार नेटवर्क स्थापित करने का भी सुझाव दिया। परिवहन मंत्री ने कहा कि हमने बस ऑपरेटरों से कहा है कि बस दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर दोषी चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि निजी बस मालिकों से लापरवाही से वाहन चलाने को कम करने के लिए चालकों व कंडक्टरों के लिए कमीशन प्रथा को खत्म करने का सुझाव भी दिया गया है। इसकी जगह वेतन व्यवस्था शुरू करने पर राज्य सरकार विचार कर रही है। कमीशन प्रणाली के तहत, चालक अधिक से अधिक यात्रियों को बैठाने के लिए उसी मार्ग पर चलने वाले दूसरे वाहन को ओवरटेक करते हैं, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती है। परिवहन मंत्री ने बताया कि बैठक में कुछ बिंदुओं को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया, जिन्हें राज्य भर में पैदल यात्रियों, मोटर चालकों और यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरनाक चिह्नित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ परिवहन और पुलिस अधिकारी एक निर्बाध नेटवर्क तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं, जो सड़क पर हर बस चालक के बीच वास्तविक समय के आधार पर संचार सुनिश्चित कर सके, ताकि उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस तरह की कनेक्टिविटी की बारीकियां और कार्यप्रणाली अधिकारियों और आइटी विशेषज्ञों द्वारा तैयार की जाएगी। बैठक में विभिन्न बस मालिकों के संघों, राज्य परिवहन उपक्रमों के प्रमुखों, पुलिस और वरिष्ठ परिवहन अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में परिवहन मंत्री के अलावा शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम, परिवहन सचिव सौमित्र मोहन, राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार सहित कोलकाता और विधाननगर के पुलिस आयुक्त और विभिन्न परिवहन संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

❑ **'दुर्घटनाओं के लिए केवल बस चालक ही जिम्मेदार नहीं'**

ज्वाइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट के महासचिव तपन बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार को फुटपाथ पर रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा अतिक्रमण, आटोरिक्शा और अन्य धीमी गति से चलने वाले वाहनों द्वारा सड़कों पर जाम लगाने और पैदल चलने वाले यात्रियों की समस्या जैसी जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बैठक के दौरान इन मुद्दों को उठाया गया। बनर्जी ने कहा कि हम समझते हैं कि शहर में सड़क की जगह केवल छह प्रतिशत है। लेकिन बस चालकों को अनुशासित करने के अलावा, बाइक चालकों पर हेलमेट न पहनने के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए और तिपहिया वाहनों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। दुर्घटनाओं के लिए केवल बसों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

# कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन का दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत वर्ष की सबसे बड़ी बिजली व्यवसायियों की संस्था कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) की दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन हुआ। शुक्रवार को कच्छी जैन भवन में बड़े पैमाने पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष आलोक सिंह के अभिभाषण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के कर्णधार योगेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ, सुहाश भट्टाचार्जी भी उपस्थित रहे। सह अतिथि के रूप में पी पी इलेक्ट्रो पॉवर के ओम प्रकाश झाझरीया, प्रीमियर पॉवर प्रॉडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के धर्मेंद्र डागा, मां वैष्णव प्रीटी प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड के विनोद कारीया, समीर कारीया एवं टॉलीवुड की अदाकार



मधुमिता गुप्ता ने आतिथ्य स्वीकार कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

सम्मेलन में एसोसिएशन के पदाधिकारी तथा सदस्य परिवार समेत सहयोगी संस्थाओं द कलकत्ता इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, मानद सचिव जितेंद्र सुराना, कलकत्ता मशीनरी डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुंडलीया, मानद सचिव अमिताभ दशानी, कॉन्फ्रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, कुमार अजमेरा, सिद्धी जैन प्रकाश अग्रवाल, कनफाड्रेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन्स के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, सचिव सीके वर्धराजन, प्रदीप लुहारीवाला, राजेश भाटिया, समाजसेवी सूर्यदीप बर्मन, मनोज सिंह, मिथलेश सिंह व अन्य शामिल हुए।

गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इस दौरान लाटरी सहित मनोरंजक कार्यक्रम, मुख रोचक स्वादिष्ट व्यजनों के साथ हुए जिसका सदस्यों ने आनंद उठाया। मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, एक्स ऑफिशियो सत्य प्रकाश साव द्वारा स्मृति चिन्ह अध्यक्ष आलोक सिंह और सचिव अभिषेक वर्मा द्वारा एवं अन्य अतिथियों का उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। मंच का संचालन संजय सिंघी द्वारा हुआ। कार्यक्रम में सह सचिव आदित्य विक्रम मोहनका, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कार्यकारिणी के सदस्य क्रमशः अरुण कोठारी, गोपाल दे, जे.एन चटर्जी, महेश दत्तानी, राज किशोर यादव, राजेंद्र लिंगा, आदित्य अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष चंद्रेश मेघानी, दिलीप मारोडीया, दीप्ति मोदी, पूर्व अध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा, नारायण पाणिग्रही, सुनील सिंघी, बृजेश लड्ढा, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश चांदगोठीया, पूर्व अध्यक्ष कमल कुमार चांदगोठीया, अशोक बंका, प्रमोद तोदी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक उप समिति के संयोजक सुनील सिंघी अपने उप समिति के सदस्य पूर्व अध्यक्ष सत्य प्रकाश साव व अन्य सदस्यों के साथ भव्य कार्यक्रम को मूर्त रूप देने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम का विराम उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपरोक्त सूचना अरविंद तिवारी बाबा, भूतपूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में संयोजक मीडिया सेल ने प्रेषित किया।

# भोजपुरी नवयुवक संघ ने नमकगोला घाट पर देव दीपावली मनाया



**हावड़ा, समाज्ञा :** भोजपुरी नवयुवक संघ के अध्यक्ष वेद तिवारी के दिशा-निर्देशानुसार नमक गोलाघाट पर देव दीपावली के शुभ अवसर पर गंगा आरती कर देव दीपावली का आयोजन किया गया, जिसमें 1,100 दीपक प्रज्वलित किए गए। इस मौके पर अरविंद जायसवाल, सचिव सुनील गुप्ता, अमित सिंह, सचिव अभिषेक पाण्डेय, विकाश पाण्डेय, संदीप सिंह, विकाश सिंह, रमेश जायसवाल, सतीश सिंह, अभिषेक सिंह, साहिल पटेल एवं अन्य मौजूद थे। बता दें कि गंगा आरती टीम भोजपुरी नवयुवक संघ द्वारा प्रत्येक रविवार को मां गंगा की भव्य आरती वाराणसी के पंडितों द्वारा कराती है जो की संध्या 5.30 बजे से होता है।

## नोदाखाली में गंगा में नहाने गए 4 युवक डूबे

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगा स्नान करने उतरे चार युवक नदी में डूब गये। दक्षिण 24 परगना जिले के नोदाखाली थाना अंतर्गत बिलापुर 1 फतुक जेट्टी घाट पर यह सनसनीखेज घटना घटी। बता दें कि हर साल रास पूर्णिमा के अवसर पर हजारों लोग घाट पर स्नान करने आते हैं। इस बार भी वही तस्वीर देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चारों युवक वहां नहाने आये थे। लेकिन नहाने के लिए नीचे उतरने के कुछ देर बाद ही चार लोग डूब गए। देखते ही देखते इलाके में शोर मच गया। कई लोग बचाव के लिए नदी में कूद पड़े। लेकिन चारों युवक नहीं मिले। घटना सुबह करीब 7 बजे की है। हंगामा शुरू होते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। गोताखोरों को लाया गया। तलाशी के लिए नाव भी उतारी गई। तलाश गंभीरता से शुरू हुई। हालांकि, सर्च ऑपरेशन शुरू होने के कई घंटे बीत गए, लेकिन युवकों का पता नहीं चला।

## राज्यों की खबरें

# चंडीगढ़ पंजाब का है, हरियाणा को विधानसभा भवन के लिए एक इंच भी जमीन नहीं दी जानी चाहिए : आप

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) का कहना है कि चंडीगढ़ पंजाब का है और यहां विधानसभा भवन के निर्माण के लिए हरियाणा को एक इंच भी जमीन नहीं दी जानी चाहिए। आप के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर यह आग्रह किया। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और राज्य के विपक्षी दलों ने हरियाणा को विधानसभा भवन के निर्माण के लिए चंडीगढ़ में 10 एकड़ भूमि के आवंटन को मंजूरी देने के केंद्र के कथित कदम की आलोचना की है। पंजाब और हरियाणा के सत्तारूढ़ दलों – आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच शुक्रवार को इस मुद्दे पर तीखी नोकझोंक हुई। पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में आप के प्रतिनिधिमंडल ने कटारिया से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''चंडीगढ़ पंजाब का है और हम एक इंच भी जमीन नहीं देंगे... चंडीगढ़ पर पंजाब का अधिकार है और हम अपने अधिकार के लिए लड़ेंगे। हमने इस संबंध में राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा है। हमने कहा है कि चंडीगढ़ में हरियाणा को विधानसभा भवन के निर्माण के लिए कोई जमीन आवंटित नहीं की जानी चाहिए।'' राज्यपाल कटारिया केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं, जो पंजाब और हरियाणा दोनों की साझा राजधानी है। हरियाणा को 1966 में एक अलग राज्य के रूप में गठित किया गया था। चीमा ने कहा, ''चंडीगढ़



पंजाब का हिस्सा है और यह पंजाब की राजधानी है। हरियाणा को चंडीगढ़ में विधानसभा भवन बनाने का कोई अधिकार नहीं है।'' हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां एक अलग कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए उससे इस मुद्दे पर 'घटिया राजनीति' नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ हरियाणा और पंजाब दोनों का हिस्सा है और चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी अधिकार है। सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार से एसवाईएल का पानी हरियाणा को देने को भी कहा। चीमा ने यहां राज्यपाल से मुलाकात के बाद कहा कि पंजाब सरकार ने चंडीगढ़ में हरियाणा को भूमि आवंटन को मंजूरी देने के कदम पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीमा ने कहा कि जब हरियाणा को अलग राज्य बनाया गया था, तब यह स्पष्ट कर दिया गया था कि हरियाणा अपनी राजधानी और विधानसभा बनाएगा। आम आदमी पार्टी के नेता चीमा ने कहा, '' छह दशकों तक हरियाणा अपनी राजधानी बनाने या राज्य में विधानसभा बनाने में विफल रहा और अब वे पंजाब की राजधानी पर अपना दावा कर रहे हैं। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। हम उन्हें सलाह देते हैं कि वे अपनी राजधानी पंचकूला में क्यों नहीं बना सकते, जो चंडीगढ़ में विधानसभा भवन के लिए जिस जगह वे जमीन मांग रहे हैं, उससे बमुश्किल एक किलोमीटर दूर है। उन्हें अपनी विधानसभा पंचकूला में बनानी चाहिए। '' चीमा ने कहा कि यह मुद्दा पंजाब के तीन करोड़ लोगों की भावनाओं से जुड़ा है और वह यह है कि चंडीगढ़ पंजाब का है। सैनी ने कहा, ''चंडीगढ़ हरियाणा और पंजाब का हिस्सा है। मैं पंजाब के नेताओं से कहना चाहता हूं कि हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। वे भाईचारा क्यों बिगाड़ रहे हैं? '' हरियाणा के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा, ''अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए पहले तो उन्होंने हमारा सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) का पानी रोक दिया। पंजाब के लोग हमारे भाई हैं, वे भी चाहते हैं कि हरियाणा को पानी मिले। लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता घटिया राजनीति करते हैं।

# उपचार की आड़ में लोगों का धर्म परिवर्तन करने के प्रयास अब भी जारी : गोवा के मुख्यमंत्री

**पणजी :** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शुक्रवार को उपचार के नाम पर धर्मांतरण की निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजाद भारत में आज भी ऐसे चलन बदस्तूर जारी हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लोगों को इलाज की पेशकश कर या उन्हें ठीक करके उनकी आस्था बदलने का प्रयास किया जा रहा है। सावंत ने उत्तरी गोवा के संखालिम में आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''शिक्षा या चिकित्सा के नाम पर आदिवासियों का धर्म परिवर्तन कराने के लिए शुरू की गई ये प्रथाएं देश के स्वतंत्र होने के बाद भी जारी हैं।'' बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। धर्मांतरण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भूलभुलैया बना दिया गया है और लोगों को ऐसे प्रचारकों से सावधान रहना चाहिए जो उपचार की आड़ में इस प्रथा में लिप्त हैं। सावंत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने से पहले लालच देकर आदिवासियों का धर्म परिवर्तन कराने की अंग्रेजों के जमाने की प्रथा लगातार जारी रही। उन्होंने कहा कि पुर्तगाली शासन के दौरान गोवा में भी इसी तरह की प्रथा चली थी। उन्होंने कहा, ''जब मोदी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला तो उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा था कि क्या हम आजादी के 60 साल बाद भी ब्रिटिश काल के दौरान की आदिवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कामयाब हुए।'' उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आदिवासियों को पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। मोदी सरकार ने आदिवासियों के अधिकारों को बहाल किया और आदिवासी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति जैसी पहल की। सावंत ने कहा, ''आदिवासी इलाकों में माध्यमिक स्कूल शुरू किए गए ताकि उनके बच्चों को शिक्षा के लिए 'कॉन्वेंट' में नहीं जाना पड़े।'' उन्होंने कहा कि केंद्र देश में आदिवासी समुदाय की वित्तीय क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रहा है।

## अभिभावकों को अपने बच्चों को मोटरसाइकिल और कार देने में सावधानी बरतनी चाहिए : मीरवाइज

**श्रीनगर :** हुर्रियत कांफ्रेस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कश्मीर में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही खतरनाक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। फारूक ने जामिया मस्जिद में शुक्रवार को कहा, हम हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत की खबरें सुनते हैं। कल ही दो लड़कों की दुखद मौत हो गई और तीसरा अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है। फारूक ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को वाहन, विशेषकर मोटरसाइकिल एवं कार उपलब्ध कराते समय सावधानी बरतें, क्योंकि वे अक्सर लापरवाही से तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं।

# दिल्ली में लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता ''गंभीर'' श्रेणी में, ग्रैप-3 प्रतिबंध लागू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता ''गंभीर'' श्रेणी में दर्ज की गई, जिसके कारण चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण को शुक्रवार को लागू कर दिया गया। 'समीर' ऐप के अनुसार, राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 411 दर्ज किया गया जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इससे पहले लगातार 14 दिन तक दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। राजधानी में वायु गुणवत्ता के लगातार खराब होने के कारण प्राधिकारियों को प्रदूषण रोधी योजना के तीसरे चरण के तहत तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू करने पड़े। दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रैप को वायु गुणवत्ता के चार चरणों में विभाजित किया गया है – चरण 1 ''खराब'' वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के लिए जो 201 से 300 के बीच है। चरण 2 ''बहुत खराब'' एक्यूआई (301-400) के लिए, चरण 3 ''गंभीर'' एक्यूआई (401-450) के लिए और चरण 4 ''बेहद गंभीर'' एक्यूआई (450 से अधिक) के लिए होता है। ग्रैप के तीसरे चरण के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी लगा दी गई है। इसके तहत, एनसीआर से लगते राज्यों से आने वाली सभी अंतरराज्यीय बसों के यहां आने पर प्रतिबंध है। केवल इलेक्ट्रिक वाहनों, सीएनजी वाहनों और बीएस-4 और डीजल बसें ही यहां प्रवेश कर सकती हैं। इसके साथ ही निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर भी कड़ा प्रतिबंध लगाया गया है। ग्रैप के तीसरे चरण के तहत पांचवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन कक्षाओं की व्यवस्था की गई है और प्रमुख सड़कों पर रोजाना पानी का छिड़काव किया जाएगा। इस बीच, दिल्ली के 39 निगरानी स्टेशन में से कुल 27 स्टेशन ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया, जहां एक्यूआई 400 से अधिक रहा। अलीपुर, आनंद विहार, अशोक विहार, आया नगर, बवाना, सीआरआरआई मथुरा रोड, आईजीआई हवाईअड्डा, आईटीओ, जहांगीरपुरी, मंदिर मार्ग, मुंडका, नजफगढ़, नेहरू नगर, नॉर्थ कैंपस, ओखला फेज 2, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, पूसा, आरके पुरम, रोहिणी और कई अन्य स्थानों पर एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान (रात का तापमान) 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक था।

## नौकरी छोड़ने के लिए पति द्वारा पत्नी को मजबूर किया जाना 'क्रूरता' : मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने तलाक के वास्ते 33 वर्षीय एक महिला की अर्जी मंजूर करते हुए कहा है कि पति द्वारा पत्नी को नौकरी छोड़ने और उसे पति की मर्जी एवं तौर-तरीके के मुताबिक रहने के लिए मजबूर किया जाना क्रूरता की श्रेणी में आता है। केंद्र सरकार के एक उपक्रम में प्रबंधक के रूप में इंदौर में पदस्थ महिला ने कुटुम्ब न्यायालय में यह आरोप लगाते हुए पति के खिलाफ तलाक का आवेदन दिया था कि वह उसे नौकरी छोड़कर भोपाल में अपने साथ रहने के लिए मानसिक तौर पर परेशान कर रहा है। कुटुम्ब न्यायालय ने महिला की यह अर्जी खारिज कर दी थी। महिला ने कुटुम्ब न्यायालय के इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी की पीठ ने कानूनी पहलुओं पर गौर करते हुए निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और महिला की तलाक की अर्जी मंजूर कर ली। पीठ ने 13 नवंबर को सुनाए फैसले में कहा,पति या पत्नी एक साथ रहना चाहते हैं या नहीं, यह उनकी इच्छा है। पति या पत्नी में से कोई भी दूसरे पक्ष को नौकरी नहीं करने या जीवनसाथी की पसंद के अनुसार कोई नौकरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।'' उच्च न्यायालय ने कहा कि वर्तमान मामले में पति ने पत्नी पर दबाव डाला कि वह अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दे। उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी को नौकरी छोड़ने और उसे पति की इच्छा एवं तौर-तरीके के अनुसार रहने के लिए मजबूर किया जाना क्रूरता की श्रेणी में आता है। महिला के वकील राघवेंद्र सिंह रघुवंशी ने शुक्रवार को कहा,''2014 में विवाह के बाद मेरी पक्षकार (मुवक्किल) और उसका पति भोपाल में रहकर सरकारी भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। 2017 में मेरी पक्षकार को एक सरकारी उपक्रम में नौकरी मिल गई, लेकिन उसके पति को कोई रोजगार नहीं मिल पाने से उसके अहंकार को ठेस पहुंचने लगी।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना एम्स की डॉक्टर से छेड़छाड़ के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**पटना :** पुलिस ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना की एक महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ का प्रयास करने वाले तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फुलवारीशरीफ-1 के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सुशील कुमार ने संवाददाताओं को बताया पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में डॉक्टर ने कहा है कि जब वह शुक्रवार सुबह अपनी स्कूटी से एम्स जा रही थीं, तो मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया और उसके साथ तीखी बहस भी की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

### दुधमुंही बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास

**कौशांबी (उप्र) :** कौशांबी की एक अदालत ने चार माह की दुधमुंही बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में एक व्यक्ति को शुक्रवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अपर शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) शशांक खरे ने बताया कि 21 जुलाई, 2023 को जिले में संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि वह अपनी चार माह की बच्ची को दोपहर दो बजे घर के आंगन में चारपाई पर सोता छोड़कर शौच के लिए गई थी। तहरीर के मुताबिक, उसी समय 30 वर्षीय अयोध्या बच्ची को उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर उसे गंभीर हालत में चारपाई पर वापस छोड़कर भाग गया। शौच के बाद घर लौटने पर महिला ने बेटी को गंभीर हालत में पाया। इस मामले में अभियुक्त के खिलाफ भादंसं की धाराओं 376 (ए बी)/506 और पाक्सो अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। खरे ने बताया कि इस मुकदमे में अयोध्या को दोषी करार दिया गया और शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अशोक कुमार श्रीवास्तव ने उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10,000 रुपये जुर्माना भी लगाया।

### मेरठ : लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य का पासपोर्ट बनाने के मामले में एक पुलिसकर्मी निलंबित

**मेरठ, (उप्र) :** मेरठ जिले में कंकरखेड़ा थाने के एक पुलिसकर्मी को फर्जी पते पर कुख्यात माफिया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य का पासपोर्ट सत्यापन करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मेरठ के पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने आरोपी आरक्षी संदेश कुमार को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रीतम सिंह बराड़ नामक बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा बताया जा रहा है और वह राजस्थान पुलिस के लिए भी वांछित है। सिंह ने बताया कि जांच में पाया गया कि बराड़ का पासपोर्ट कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र से बनाया गया था और इस प्रक्रिया में पते का सत्यापन नहीं किया गया था। उनके अनुसार इस गड़बड़ी में कंकरखेड़ा थाने के आरक्षी संदेश कुमार को लिप्त पाया गया।

### बलिया में ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**बलिया, (उप्र) :** बलिया जिले में सहतवार रेलवे स्टेशन के फाटक के पास शुक्रवार सुबह दो महिलाओं की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार सुबह ममता देवी (34) और सुमन राजभर (45) ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। उसने बताया कि ग्रामीणों ने घायल दोनों महिलाओं को बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि दोनों महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने बलिया जा रही थीं। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मोदी ने बिहार के जमुई से 6,640 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया




**जमुई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर बिहार के जमुई से 6,640 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मोदी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए जमुई आए हैं। बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें छोटानागपुर पठार के आदिवासी समुदाय के लोग प्रेमपूर्वक ''भगवान'' कहते हैं। मोदी ने राज्य की राजधानी से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के एक सुदूर गांव में ''जनजातीय गौरव दिवस'' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वर्ष 2021 से बिरसा मुंडा की जयंती को ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण भी किया।

### प्रधानमंत्री के विशेष विमान में तकनीकी खराबी, देवघर हवाई अड्डे पर एक घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उनके विशेष विमान में आई तकनीकी खराबी के कारण झारखंड के देवघर हवाई अड्डे पर एक घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। अधिकारियों ने बताया कि मोदी बिहार के जमुई में एक रैली को संबोधित करने के बाद भारतीय वायु सेना के विमान से वापस नयी दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले थे। वह बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए जमुई पहुंचे थे। बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। एक अधिकारी ने कहा, ''देवघर हवाईअड्डे पर एक घंटे से अधिक समय से प्रधानमंत्री रुके हुए हैं। उनकी दिल्ली वापसी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी, इस पर चर्चा की जा रही है।''

## मोदी जी के नेतृत्व और योगी जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उसे देख दुनिया है अचंभित : धनखड़

**वाराणसी, (उप्र) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उससे देखकर दुनिया अचंभित है। धनखड़ ने काशी में देव दीपावली के अवसर दीप जलाकर नमो घाट का लोकार्पण किया और अपने संबोधन में कहा,''(नमो) घाट उस व्यक्ति (नरेन्द्र मोदी) को परिभाषित करता है। नमो घाट तो सबसे बड़ा होना ही चाहिए। अपना भारत अकल्पनीय तरीके से बदल रहा है, जो सोचा नहीं, वह संभव हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एवं योगी जी की तपस्या से जो बदलाव हो रहा है, उसे देखकर दुनिया अचंभित है। उन्होंने कहा, ''जल हो, थल हो, आकाश हो, अंतरिक्ष हो, भारत की बुलंदियों को दुनिया सराह रही है।'' उपराष्ट्रपति ने कहा,''आज



मेरा मन पूरी तरह अभिभूत है, आज मेरे जीवन में वह पल आया है, जिसकी कल्पना मैंने कभी नहीं की थी।'' उन्होंने कहा, ''इस पावन पर्व पर नमो घाट का लोकार्पण मेरे हाथों से होना मुझे बडे दायित्व का बोध कराता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा घाट है। जब मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी से कहा कि यह दुनिया का सबसे बडा घाट है तो उन्होंने कहा कि भारत के अलावा घाट है ही कहां।'' काशी की धरती को प्रणाम करते हुए धनखड़ ने इस पावन भूमि से सभी देशवासियों को देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामना दी। उपराष्ट्रपति ने काशी का बखान करते हुए कहा, ''जहां की मिट्टी पारस हैं, उस शहर का नाम बनारस है। काशी मोक्ष की नगरी है। आज काशी में विकास एवं अध्यात्म का समन्वय है और काशी जैसा कल्चरल संेटर कही भी नहीं है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश के लिए समर्पित बताते हुए कहा, ''हमारी सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया को संदेश देता हैं। सनातन हमें एक और मजबूत रहने का संदेश देता हैं। भारत दुनिया में बड़ी ताकत के रूप में अग्रसर हैं। भारत सनातन की आत्मा है।'' उन्होंने कहा कि सनातन के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प सभी को लेना चाहिए तथा ''कोई भी हित मेरे लिए देश हित से ऊपर नहीं है।''

## उप्र लोक सेवा आयोग 22 दिसंबर को कराएगा पीसीएस (प्री) की परीक्षा

**प्रयागराज :** पीसीएस (प्री) की परीक्षा एक ही दिन कराने के निर्णय के अगले दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस परीक्षा की नई तिथि घोषित की। आयोग 22 दिसंबर, 2024 को दो सत्रों में इसे आयोजित करेगा। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व पीसीएस प्री की परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित थी। अब यह परीक्षा 22 दिसंबर को दो सत्रों (सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरे सत्र में दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे) में आयोजित की जायेगी। पिछले 11 नवंबर से बड़ी संख्या में छात्र पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ परीक्षा को एक दिन में कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। बृहस्पतिवार को आयोग ने पीसीएस प्री की परीक्षा एक ही दिन में कराने की छात्रों की मांग मान ली, जबकि आरओ-एआरओ की परीक्षा के लिए समिति गठित की है। उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव अशोक कुमार ने पीटीआई को बताया, आरओ-एआरओ परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए हमने कमेटी गठित की है जो जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट देगी और उसके अनुसार निर्णय किया जाएगा।

## अधिकारियों को शराबबंदी पसंद है, उनके लिए इसका मतलब है मोटी कमाई: पटना उच्च न्यायालय

**पटना :** पटना उच्च न्यायालय ने शराबबंदी कानून को लागू करने में लापरवाही बरतने पर एक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ जारी किए गए पदावनत आदेश को रद्द करते हुए टिप्पणी की कि ये प्रावधान पुलिस के लिए उपयोगी हो गए हैं, जो तस्करों के साथ मिलकर काम करती है। न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह ने 29 अक्टूबर को दिए अपने एक फैसले में कहा, ''न केवल पुलिस अधिकारी, आबकारी अधिकारी, बल्कि वाणिज्यिक कर विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी भी शराबबंदी पसंद करते हैं। उनके लिए इसका मतलब है मोटी कमाई। दरअसल, शराबबंदी ने शराब और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के अनधिकृत व्यापार को बढ़ावा दिया है। ये कठोर प्रावधान पुलिस के लिए एक सुविधाजनक उपकरण बन गये हैं जो तस्करों के साथ मिलकर काम करती है। यह आदेश मुकेश कुमार पासवान द्वारा दायर की गयी एक रिट याचिका के जवाब में आया, जो पटना बाईपास थाने में थानाध्यक्ष (एसएचओ) के रूप में कार्यरत थे। राज्य के आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा छापेमारी के दौरान विदेशी शराब बरामद होने के बाद पासवान को निलंबित कर दिया गया था। जांच के दौरान बचाव प्रस्तुत करने और अपनी बेगुनाही का दावा करने के बाद भी 24 नवंबर, 2020 को राज्य सरकार ने पासवान को पदावनत किया गया था। बिहार में अप्रैल 2016 में नीतीश कुमार सरकार ने शराब की बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया था। अदालत ने कहा, शराब की तस्करी में शामिल सरगनाओं या सिंडिकेट संचालकों के खिलाफ बहुत कम मामले दर्ज किए जाते हैं, जबकि शराब पीने वाले या शराब की त्रासदी के शिकार होने वाले गरीबों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए जाते हैं। मोटे तौर पर, यह राज्य के गरीब लोग हैं जो इस अधिनियम का खामियाजा भुगत रहे हैं।''

## अखिलेश यादव चलाते हैं 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' : केशव प्रसाद मौर्य

**मैनपुरी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए की बात करते हैं पर 'परिवार डेवलपमेंट एजेंसी' चलाते हैं। उन्होंने मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में बरनाहल में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनुजेश यादव के समर्थन में एक जनसभा को मोबाइल से माध्यम संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कि अखिलेश जी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की बात करते हैं, पर 'परिवार डवलपमेंट एजेंसी' चलाते हैं। यहां भाजपा के एक कार्यकर्ता ने बताया कि खराब मौसम में हेलीकाप्टर के न उड़ पाने के



कारण मौर्य बरनाहल की जनसभा में नहीं पहुंच पाये, इसलिए उन्होंने मोबाइल से संबोधित किया। मौर्य ने कहा, ''इस एजेंसी को मैं फर्जी पीडीए कहता हूं, क्योंकि इन्होंने धोखा देकर लोकसभा चुनाव में जनता का जो समर्थन हासिल कर लिया था आज वह समर्थन उन्हें नहीं मिल रहा है।'' अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनाव में करहल विधानसभा सीट से चुनाव जीता था और 2024 में आजमगढ़ क्षेत्र से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे यह विधानसभा सीट रिक्त हुई और अब उपचुनाव कराया जा रहा है। भाजपा ने अखिलेश यादव के चचेरे बहनोई अनुजेश यादव को यहां पार्टी का उम्मीदवार बनाया है, जबकि अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव यहां से सपा के उम्मीदवार हैं। मौर्य ने अपने संबोधन में 2027 के अगले विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि 2027 से पहले का यह चुनाव नींव में मजबूती डालने का चुनाव है।

## काशी-विश्वनाथ, अयोध्या की तर्ज पर पुष्कर को किया जाएगा विकसित: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जयपुर :** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राजस्थान सरकार काशी- विश्वनाथ और अयोध्या की तर्ज पर तीर्थ क्षेत्र पुष्कर को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगी। कार्तिक पूर्णिमा के साथ ऐतिहासिक पुष्कर मेला 2024 शुक्रवार को संपन्न हुआ। इससे पहले, समापन समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पुष्कर के विकास के लिए प्रमुख योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''पुष्कर सिर्फ राजस्थान के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र है। इसे एक वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रयास कर रही हैं।'' उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में आधुनिक सुविधाओं का समावेश करते हुए यहां की परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजा जाएगा। उन्होंने कहा, राजस्थान सरकार ने पुष्कर के विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है जिसे केंद्र सरकार के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा। हमारा लक्ष्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ाना है बल्कि स्थानीय निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना भी है।'' एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि पुष्कर मेला इस बार श्रद्धालुओं और पर्यटकों की रिकॉर्ड संख्या के साथ ऐतिहासिक साबित हुआ। सात दिनों तक चले इस मेले में छह लाख से अधिक घरेलू श्रद्धालु और 20,000 विदेशी पर्यटक शामिल हुए।

## भाजपा संथाल परगना क्षेत्र को झारखंड से अलग करने की साजिश रच रही: सोरेन का आरोप

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संथाल परगना क्षेत्र को राज्य से अलग करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और लोगों से ऐसी ताकतों को बाहर निकालने का आग्रह किया। संथाल परगना झारखंड के प्रमंडलों में से एक है और इसका मुख्यालय दुमका में है। इस प्रमंडल में राज्य के उत्तरपूर्वी हिस्से के छह जिले गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं। भाजपा सत्तारूढ़ झामुमो और उसके सहयोगियों पर बांग्लादेश से घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाती रही है। राज्य में भाजपा के लिए घुसपैठ एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''संथाल परगना को झारखंड से अलग करने की साजिश रचने वाली सांप्रदायिक ताकतों (भाजपा) को यहां से खदेड़ना होगा। हम फिर से अपनी सरकार बनाएंगे और झारखंड को समृद्ध बनाएंगे।'' सोरेन ने दावा किया कि भाजपा 1932 की खतियान-आधारित अधिवास नीति का समर्थन करने वालों को बांग्लादेशी घुसपैठिए या आईएसआई का एजेंट बता रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को इस चुनाव में राज्य के लोगों से करारा जवाब मिलेगा। वर्ष 2022 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने फैसला किया है कि जिन लोगों के पूर्वज 1932 से पहले राज्य में रह रहे थे और जिनके नाम उस वर्ष के भूमि रिकॉर्ड में शामिल थे, उन्हें झारखंड का स्थानीय निवासी माना जाएगा और उन्हें सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जाएगी।

## उप्र विधानसभा-विधान परिषद के 20 फीसदी पदों पर रिश्तेदारों की भर्ती की खबर पर भाजपा आरोपों में घिरी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद के रिक्त पदों में से पांचवां हिस्सा अधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीआईपी) के रिश्तेदारों से भरे जाने की खबर के एक प्रमुख अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित होने के बाद विपक्षी दलों ने भाजपा पर 'परिवारवाद' का आरोप लगाया है। यह एक ऐसा आरोप है जिसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अक्सर विपक्ष पर लगाती रही है। 'द इंडियन एक्सप्रेस' समाचार पत्र द्वारा किए गए खुलासे के अनुसार, समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) के पदों के लिए 186 रिक्तियों में से 38 पदों पर चयनित उम्मीदवारों के अधिकारियों और राजनेताओं से संबंध थे। अनुमानित तौर पर 2.5 लाख उम्मीदवारों ने इस पद के लिए आवेदन किया था जिसकी परीक्षा 2020-2021 में उप्र विधानसभा और उप्र विधान परिषद में प्रशासनिक पदों को भरने के लिए दो दौर में आयोजित की गई थी। अखबार की खबर में दावा किया गया है कि सफल अभ्यर्थियों की सूची में जगह बनाने वालों में तत्कालीन उप्र विधानसभा अध्यक्ष के पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) और उनके भाई, एक पूर्व मंत्री के भतीजे, विधान परिषद सचिवालय प्रभारी के बेटे, विधान सभा सचिवालय प्रभारी के चार रिश्तेदार, उप लोकायुक्त के बेटे, विधायी कार्य विभाग के प्रभारी के बेटे और बेटी, दो मुख्यमंत्रियों के पूर्व ओएसडी (विशेष कार्याधिकारी) के बेटे शामिल हैं। संपर्क करने पर उप्र विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह मामला अदालत में लंबित है और इसलिए मेरे लिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।'' उप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे से बार-बार प्रयास करने के बावजूद टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। समाजवादी पार्टी के उप्र विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) आशुतोष सिन्हा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मामला अदालत में लंबित है और यह सब जांच का विषय है। लेकिन, ऐसा लगता है कि भाजपा चुनाव के दौरान टिकट वितरण या नौकरियों के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय 'परिवारवाद' (वंशवाद की राजनीति) में लिप्त है।''

## हमारी विरासत राम मंदिर है तो सपा की विरासत खान मुबारक, अतीक और मुख्तार अंसारी: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तंज कसते हुए कहा कि 'हमारी विरासत राम मंदिर है तो सपा की विरासत खान मुबारक, अतीक और मुख्तार है।' योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की नौ विधानसभा सीट के उपचुनाव के सिलसिले में प्रचार के दौरान अंबेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी धर्मराज निषाद और मिर्जापुर के मझवां विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी सुचिस्मिता मौर्य के समर्थन में सभाओं को संबोधित करते हुए सपा पर तीखे तीर चलाए। योगी ने कहा,'' आज अयोध्या में दिव्य, भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गये हैं जिसे देखकर हर देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहा है, यह हमारी विरासत है।'' उन्होंने एक खास समुदाय के लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि इस विरासत का सपा के लोगों ने हमेशा अपमान किया है जबकि इनकी वास्तविक विरासत खान मुबारक, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी हैं। गुजरे दो वर्षों के भीतर हरदोई जेल में निरुद्ध गैंगस्टर खान मुबारक और बांदा जेल में बंद पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जबकि पूर्व सांसद अतीक अहमद और उनके भाई पूर्व विधायक अशरफ की पुलिस अभिरक्षा में प्रयागराज में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा,''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों से देश की सुरक्षा, गरीब कल्याण, अवसंरचना विकास और विरासत का सम्मान हो रहा है, जबकि 2014 से पहले 'इंडी' गठबंधन के लोग राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ और विरासत का अपमान करते थे। अब प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं तो विरासत का सम्मान भी हो रहा है।''

### झारखंड चुनाव दो विचारधाराओं प्रेम और नफरत के बीच मुकाबला: तेजस्वी यादव

**देवघर (झारखंड) :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को झारखंड चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला करार देते हुए कहा कि एक विचारधारा नफरत और विभाजन जबकि दूसरी प्रेम, विकास और संवैधानिक संरक्षण पर केंद्रित है। देवघर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में सरकार बनाने के अपने प्रयासों में विफल रही थी, जिसके बाद उसने राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया था। यादव ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच मुकाबला के बीच मुकाबला है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार में जहरीली शराब पीने से एक की मौत, दो की आंखों की रोशनी प्रभावित

**सिवान :** बिहार के सिवान जिले में कथित तौर पर संदिग्ध जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लोगों की आंख की रोशनी प्रभावित हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि शुक्रवार सुबह पौने आठ बजे उसे सूचना मिली कि लकड़ीनवीगंज थाना क्षेत्र के नवीगंज टोले के उमेश राय को धुंधला दिखाई दे रहा है, जिसने कल रात किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया था। पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि उमेश राय, अमरजीत राय एवं अशोक राय ने अमरजीत राय के घर पर संदिग्ध जहरीली शराब पी थी। तबीयत बिगड़ने पर तीनों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया और वहां से फिर उन्हें सिवान मुख्यालय के एक अस्पताल में ले जाया गया। ईलाज के दौरान अमरजीत राय की मृत्यु हो गई है। पुलिस के मुताबिक अस्पताल में भर्ती उमेश राय ने मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने देसी शराब का सेवन किया था जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ी।

### नोएडा: मामूली विवाद में छुरा घोंपकर एक व्यक्ति की हत्या, पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (उत्तर प्रदेश) :** नोएडा के सेक्टर-113 पुलिस थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में एक व्यक्ति की कथित तौर पर छुरा घोंपकर हत्या कर दी गई, हालांकि पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया जिसकी पहचान बिहार के छपरा जिले के निवासी अमरजीत महतो के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को सोरखा गांव में हुई जब महतो मांस की दुकान पर गया था तो उसने वहां शहजाद नाम के व्यक्ति से अंगोछा मांगा लेकिन उसने इनकार कर दिया। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और महतो ने शहजाद की कथित तौर पर छुरा घोंपकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गईं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के पुलिस को सेक्टर-117 के जंगल की ओर जाने वाले मार्ग पर महतो की मौजूदगी की सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर ली। उन्होंने बताया कि खुद को घिरता देखकर आरोपी ने पुलिस पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक गोली महतो के पैर में जा लगी जिससे वह घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवक ने जहरीली गोली खाकर आत्महत्या का प्रयास किया, मेटा के अलर्ट के बाद पुलिस ने बचाया

**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले में माता-पिता की डांट फटकार से आहत होकर एक युवक ने इंस्टाग्राम पर जहरीली गोलियां खाने का वीडियो पोस्ट किया लेकिन ''मेटा'' द्वारा आत्महत्या का अलर्ट मिलने के बाद पुलिस ने उसे बचा लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश एस ने शुक्रवार को बताया कि थाना कटरा अंतर्गत भुडिया गांव में रहने वाले हिमांशु गंगवार (24) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उसने कहा कि ''हे भगवान हमें अपने पास बुला लो मुझे कब मौत आएगी।'' उन्होंने बताया कि युवक के हाथ में छह जहरीली गोलियां थीं जिन्हें उसने खा लिया था। वीडियो अपलोड होने के बाद मेटा ने प्रदेश के पुलिस मुख्यालय में वीडियो तथा लोकेशन भेजी।

### झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में आग लगी, 10 बच्चों की मौत

झांसी (उप्र) : उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुक्रवार देर शाम एक मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गई। जिले के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने 10 बच्चों के मौत की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक वरिष्ठ अधिकारियों के एक दल के साथ झांसी के लिए रवाना हो गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेकर अधिकारियों को राहत और बचाव का निर्देश दिया है। झांसी पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि अग्निशमन दल को मौके पर भेजा गया, जबकि जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए हैं। मेडिकल कॉलेज के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में आग लग गई, जिससे उसके गलियारे में धुआं भर गया। घटना के वीडियो में दिखा है कि बचाव और राहत कार्यों में मदद के लिए दमकल कर्मियों ने कुछ कांच की खिड़कियां तोड़ दीं।

## गौतम बुद्ध नगर: ट्रैक्टर निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक की मौत

**नोएडा/लखनऊ :** गौतम बुद्ध नगर जिले के थाना रबूपुरा क्षेत्र के भीखनपुर गांव में शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में 14 नामजद और 12 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर गांव में जातीय तनाव पैदा हो गया है। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) शिव हरि मीणा ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के भीखनपुर गांव में रहने वाले दलित युवक शीशपाल शुक्रवार सुबह को ट्रैक्टर लेकर अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ दबंग लोगों ने रास्ता रोककर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के बाद शीशपाल के पिता विजयपाल आरोपियों के पास शिकायत करने पहुंचे, तो उन्होंने उनके साथ भी मारपीट कर उनका सिर फोड़ दिया। मारपीट की सूचना पर मौके पर काफी लोग पहुंचे आरोपियों ने इन लोगों पर भी ईट, पत्थर, लाठी डंडे, लोहे की राड और अवैध हथियार से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान गोली लगने से कमलदीप, सनी और शरबती घायल हो गए, जबकि विजयपाल, विवेक, शीशपाल अन्य को गंभीर चोट आई। अस्पताल में उपचार के दौरान कमलजीत की मौत हो गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पालतू कुत्ते के भौंकने से नाराज व्यक्ति ने मां-बेटी पर किया हमला

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अपने पड़ोसी के पालतू कुत्ते के भौंकने से नाराज एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ की और उसकी बुजुर्ग मां के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को शहर के कासरवडावली इलाके के ताकरदा में शाम करीब साढ़े चार बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार जब पीड़िता का पड़ोसी गौतम उसके घर के पास से गुजर रहा था तो उस दौरान उसके (पीड़िता के) पालतू कुत्ते से भौंकना शुरू कर दिया और इस बात से गुस्साए 25 वर्षीय गौतम ने कुत्ते पर हमला करने के लिए पत्थर उठा लिया। उन्होंने बताया, पीड़ित महिला की 64 वर्षीय मां ने उसकी हरकत पर उसे डांटा। यह देखकर गौतम की मां और एक अन्य महिला ने उनसे बहस शुरू कर दी। तीनों आरोपियों ने मां-बेटी की पिटाई की और शिकायतकर्ता महिला के कपड़े फाड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की।

### गुजरात : रिश्वत में नवीनतम आईफोन लेने के आरोप में पुलिस निरीक्षक गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को एक पुलिस निरीक्षक को एक ईंधन डीलर से रिश्वत के तौर पर 1.44 लाख रुपये मूल्य का आईफोन-16 प्रो लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। एसीबी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी दिनेश कुबावत नवसारी जिले के धोलाई बंदरगाह स्थित मरीन पुलिस थाने से संबद्ध है। उन्होंने कहा, ''उन्हें शिकायतकर्ता से आईफोन 16 प्रो मोबाइल फोन लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। शिकायतकर्ता लाइट डीजल ऑयल (एलडीओ) का लाइसेंस प्राप्त डीलर है और धोलाई बंदरगाह पर नौका मालिकों को ईंधन बेचता है।'' अधिकारी ने कहा, ''कुबावत ने हाल ही में डीलर को लाइसेंस और उसके व्यवसाय से जुड़े अन्य दस्तावेजों के साथ मरीन पुलिस थाने में मिलने के लिए कहा था। मुलाकात के दौरान उसने शिकायतकर्ता को धमकी दी कि अगर उसने रिश्वत नहीं दी तो उसका व्यवसाय बंद कर दिया जाएगा। एसीबी की नवसारी इकाई ने कुबावत को उसके पुलिस थाने के कक्ष में गिरफ्तार किया।''

### महाराष्ट्र के पालघर में 15.6 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त, एक गिरफ्तार

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के अवैध तंबाकू उत्पाद जब्त किए हैं और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जब्तीकरण की यह कार्रवाई तलासरी इलाके में की गई। पालघर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बालासाहेब पाटिल ने बताया कि अवैध पदार्थ ले जाने के संदेह में एक गश्ती दल ने मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग के 'सर्विस रोड' पर खड़े एक टेंपो की जांच की और उसमें प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद बरामद किए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पादों की कीमत 15.66 लाख रुपये है। पुलिस ने टेंपो जब्त करने के साथ ही उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों ने 'डायबिटिक गेस्ट्रोपैरासिस' का इलाज ढूंढा

**ऋषिकेश :** ऋषिकेश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने शुक्रवार को दावा किया कि उन्होंने 'पिस्तेचियो लेंटिसकस' पर आधारित औषधि का अविष्कार कर 'डायबिटिक गेस्ट्रोपैरासिस' का उपचार ढूंढ लिया है। इससे संबंधित शोध करने वाली चिकित्सकों की टीम के अगुआ डॉ रविकांत ने बताया कि 'डायबिटिक गेस्ट्रोपैरासिस' एक ऐसी दशा है जिसमें लंबे समय से मधुमेह से पीड़ित रोगी को पेट में ऐंठन, अपच, दर्द आदि परेशानियां हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि 'डायबिटिक गेस्ट्रोपैरासिस' के 900 मरीजों में से 20 पर औषधि के 'क्लिनिकल ट्रायल' में उनकी स्थिति में आठ सप्ताह के अंदर न्यूनतम दुष्प्रभावों के साथ महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिला।

# प्रधानमंत्री मोदी वक्फ कानून बदलकर रहेंगे, छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत हो जाएगा: शाह



**चंद्रपुर/यवतमाल/हिंगोली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हैं और वह ऐसा करके रहेंगे और छत्तीसगढ़ में मार्च 2026 तक नक्सलवाद का अंत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वक्फ अधिनियम में संशोधन करना चाहते हैं लेकिन उद्धव ठाकरे और शरद पवार जैसे विपक्ष के प्रमुख नेता इस कदम का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र में आज महायुति के उम्मीदवारों के समर्थन में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने घोषणा की कि मोदी सरकार 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर देगी। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा करने की चुनौती दे डाली। वरिष्ठ भाजपा नेता ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के विरोध के बावजूद वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन को आगे बढ़ाएगी। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के उमरखेड़ में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''मोदी जी वक्फ बोर्ड के कानून को बदलना चाहते हैं। लेकिन उद्धव जी, शरद पवार और सुप्रिया सुले इसका विरोध कर रहे हैं। उद्धव जी कान खोलकर सुन लीजिए, आप सभी जितना विरोध करना चाहते हैं कर लीजिए, लेकिन मोदी जी वक्फ कानून बदलकर रहेंगे।'' वक्त (संशोधन) विधेयक, 2024 पर एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) अध्ययन कर रही है। विधेयक अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था। केंद्र सरकार ने विधेयक पेश करते हुए कहा था कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य वक्फ बोर्ड के कामकाज को व्यवस्थित करना और वक्फ संपत्तियों का कुशल प्रबंधन करना है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक

**नयी दिल्ली :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही क्योंकि राज्य की 43 में से 37 सीट पर महिलाओं ने अधिक मतदान किया। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 13 नवंबर को हुए पहले चरण के मतदान में 66.65 प्रतिशत मतदान हुआ, जो इन 43 सीट पर 2019 के विधानसभा चुनावों में दर्ज मतदान से 2.75 प्रतिशत अधिक है। आयोग ने एक बयान में कहा, ''महिला मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, उन्होंने पुरुषों से 4.8 प्रतिशत अधिक मतदान किया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आकार देने में उनकी बढ़ती भागीदारी को बल मिला है।'' झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुष्टि की है कि सभी मतदान दल सुरक्षित लौट आए हैं और उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों की उपस्थिति में जांच पूरी हो गई है।

## निर्वाचन आयोग से अबतक अनुमति नहीं मिलने की वजह से मनसे ने अपनी शिवाजी पार्क रैली की रद्द

**मुंबई :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि निर्वाचन आयोग से अबतक अनुमति नहीं मिल पाने के कारण वह मुंबई के शिवाजी पार्क में 17 नवंबर को रैली नहीं करेंगे। ठाकरे ने कहा कि इसके बजाय वह मनसे प्रत्याशियों के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए मुंबई और ठाणे के विधानसभा क्षेत्रों में जायेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे अब भी अनुमति नहीं मिली है और मेरे पास बैठक के लिए (बस) डेढ़ दिन है। इन डेढ़ दिनों में रैलियां करना मुश्किल हो रहा है। इसके बजाय मैं मुंबई और ठाणे के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करूंगा।'' शिवसेना (उबाठा) और मनसे ने ऐतिहासिक शिवाजी पार्क में 17 नवंबर को रैली करने की अनुमति मांगी है, लेकिन दोनों ही दलों को अबतक इसके लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति नहीं मिली है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार 18 नवंबर को शाम पांच बजे थम जाएगा। मध्य मुंबई में स्थित शिवाजी पार्क भारतीय क्रिकेट के पालना के रूप में प्रसिद्ध रहने के साथ-साथ 1966 में शिवसेना की स्थापना के बाद बाल ठाकरे की पहली दशहरा रैली का स्थल भी था। इसके बाद इस मैदान पर दशहरा रैली का आयोजन शिवसेना की परंपरा बन गई। राज ठाकरे से राजनीतिक रूप से अलग उनके चचेरे भाई एवं शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनकी पार्टी ने 17 नवंबर को शिवाजी पार्क में एक रैली के लिए अनुमति मांगी थी, जो शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की पुण्यतिथि भी है। उन्होंने कहा था कि उस दिन उस मैदान में ठाकरे के लाखों समर्थक जुटेंगे। वर्ष 2012 में इसी शिवाजी पार्क में बाल ठाकरे का अंतिम संस्कार किया गया था।

## समर्पित माल ढुलाई गलियारा 'भारतीय रेलवे का रत्न' है: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि समर्पित माल ढुलाई गलियारा (डीएफसी) भारतीय रेलवे की एक बहुत ही महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है, जिसने देश के आपूर्ति प्रबंधन क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने इसे ''भारतीय रेलवे का रत्न'' करार दिया। वैष्णव ने 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (डीएफसी-सीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर इसके पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में इस कॉरिडोर पर 350 से अधिक मालगाड़ियां चलाई जा रही हैं और इससे देश में रसद परिवहन की दक्षता में सुधार हुआ है। उन्होंने यहां भारत मंडपम में समारोह के दौरान एक वीडियो संदेश में कहा, ''माल ढुलाई का समय पहले की तुलना में आधा रह गया है। मालगाड़ियों की गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हर तरह से डीएफसी ने देश में आपूर्ति प्रबंधन लागत को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।''

## सिद्दीकी पर गोलीबारी के बाद शूटर शिवकुमार कपड़े बदल कर पुन: घटनास्थल पर आया था : पुलिस

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम 12 अक्टूबर को वारदात को अंजाम देने के बाद 20 मिनट तक घटनास्थल पर मौजूद था। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गौतम अपने कपड़े बदलने के बाद वापस घटनास्थल पर आ गया था। अधिकारी ने बताया, ''उसने अपनी कमीज, पिस्तौल और आधार कार्ड वाला बैग मौके पर फेंक दिया था। गोलीबारी के बाद, उसने देखा कि लोग दहशत में थे और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी वहां आ गए थे तथा पुलिस अपराधियों के बारे में सुराग के लिए आस-पास खड़े लोगों से पूछताछ कर रही थी।'' अधिकारी ने बताया कि उसने यह भी देखा कि उसके दो साथी घटनास्थल से ही पकड़े गए। अधिकारी ने बताया कि बाबा की मौत की पुष्टि करने के लिए गौतम ऑटोरिक्शा से लीलावती अस्पताल के पास भी गया था और वह रात 10:47 बजे कुर्ला रेलवे स्टेशन के लिए निकला। ट्रेन में चढ़ने के बाद उसने अपना मोबाइल फोन कहीं फेंक दिया। पुलिस उसका पता लगाने के लिए प्रयासरत थी। गोली लगने के बाद सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल ले जाया गया था। अधिकारी ने यह भी बताया कि पंजाब के एक सीमावर्ती गांव से पकड़े गए एक संदिग्ध की मामले में कोई भूमिका सामने नहीं आने पर उसे छोड़ दिया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान अपराध शाखा के अधिकारियों को पता चला कि वांछित आरोपी शुभम लोनकर, जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के सीधे संपर्क में था। उन्होंने बताया कि मुंबई अपराध शाखा को यह भी पता चला कि शुभम लोनकर ने जुलाई में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से लगभग 50 किलोमीटर दूर घने जंगलों में एके-47 राइफल चलाने का प्रशिक्षण लिया था।

## न्यूज अपडेट

### ओडिशा: 'बोइता बंदना' उत्सव के दौरान पांच बच्चे डूबे

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में कार्तिक पूर्णिमा पर पारंपरिक 'बोइता बंदना' उत्सव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पांच से 12 वर्ष की उम्र के इन बच्चों ने वार्षिक अनुष्ठान में भाग लेते समय अपनी जान गंवा दी। 'बोइता बंदना' उत्सव के दौरान तालाबों, नदियों और अन्य जल निकायों में रंग-बिरंगी छोटी नावें तैराई जाती हैं। पुलिस ने बताया कि बालासोर में बस्ता पुलिस सीमा के अंतर्गत आने वाले पनिशपाड़ा गांव में लगभग पांच साल की दो बच्चियां एक तालाब में डूब गईं। दिलीप कुमार दास और मानस नंदा की बेटियां अपने परिवार की अनुपस्थिति में तालाब से छोटी नावें एकत्र करने लगीं और इसी दौरान दोनों तालाब में डूब गईं। बाद में अधिकारियों ने उनके शव बरामद किए। पुलिस ने बताया कि बालासोर में एक अन्य घटना में खैरा पुलिस सीमा के अंतर्गत आने वाले सौंदिया गांव में तीन वर्षीय एक बच्चा तालाब में डूब गया। इसी तरह की एक घटना कटक जिले में हुई, जहां प्रदीप्त भोई का तीन वर्षीय बेटा सालेपुर ब्लॉक में स्थित करमुआन गांव में एक तालाब से नाव एकत्र करने की कोशिश में डूब गया। पुलिस ने बताया कि मलकानगिरी जिले में 12 वर्षीय बच्ची साबित्री हंतल चंपानगर के एक तालाब में डूब गई। वह छोटी नावों पर रखे गए सिक्के निकालने की कोशिश कर रही थी, तभी वह गहरे पानी में गिरकर डूबने लगी। पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत बचा लिया गया और नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मनोज बाजपेयी की फिल्म 'द फैबल' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार

**मुंबई :** ब्रिटेन में आयोजित 38वें 'लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में मनोज बाजपेयी की फिल्म 'द फैबल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। लेखक-निर्देशक राम रेड्डी द्वारा निर्देशित फिल्म 'द फैबल' को 'कांस्टेलेशन फीचर फिल्म' प्रतियोगिता में पुरस्कार मिला है। बाजपेयी ने कहा कि उन्हें 'लीड्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में फिल्म 'द फैबल' को मिले सम्मान पर गर्व है। उन्होंने कहा, ''इस फिल्म में निर्देशक राम रेड्डी, प्रताप रेड्डी, जूही अग्रवाल, गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा। रेड्डी की कहानी कहने की शैली और जादुई यथार्थवाद के अनूठे मिश्रण ने इस फिल्म को और अच्छा बना दिया।'' अभिनेता ने एक बयान में कहा, ''मेरे सह-कलाकार प्रियंका बोस, दीपक डोबरियाल और तिलोत्तमा शोम ने इस फिल्म में असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। लीड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीतना न केवल हमारी फिल्म के लिए जीत है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी गर्व का क्षण है। मुझे उम्मीद है कि 'द फैबल' दुनिया भर के लोगों को प्रेरित और प्रभावित करती रहेगी।'' कार्यकारी निर्माता गुनीत मोंगा कपूर ने कहा कि वह सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार पाकर रोमांचित हैं। फिल्म 'द फैबल' को पिछले महीने एमएएमआई (मामी) मुंबई फिल्म फेस्टिवल (2024) में स्पेशल जूरी पुरस्कार भी मिला था।

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी की सुरक्षा की समीक्षा कर सकती हैं तिहाड़ जेल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की तिहाड़ जेल श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर सकती है, जिसे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से कथित तौर पर धमकियां मिली हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूनावाला नवंबर 2022 से तिहाड़ जेल में बंद है। उसे अपनी 'लिव-इन पार्टनर' वालकर (27) की हत्या और उसके शव के 35 टुकड़े कर महरौली के जंगल में फेंकने के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पूनावाला को फिलहाल खतरे की आशंका के चलते तिहाड़ जेल संख्या 4 की एकांत कोठरी में रखा गया है। मीडिया में आई खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, महाराष्ट्र में राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी द्वारा मुंबई पुलिस के समक्ष किये गए खुलासे के मुताबिक पूनावाला, बिश्नोई गिरोह के निशाने पर है। तिहाड़ जेल से एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, ''अभी तक हमें पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों से, लॉरेंस गिरोह से पूनावाला को खतरे के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। अगर हमें ऐसी कोई सूचना मिलती है, तो हम उसकी सुरक्षा की समीक्षा कर सकते हैं।'' सिद्दीकी(66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा इलाके में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के पास तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों ने ली थी। बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, जबकि उसके कई साथी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## नाबालिग पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाना बलात्कार है: उच्च न्यायालय



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने 18 वर्ष से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने को बलात्कार करार दिया और इस अपराध के लिए 10 साल कैद की सजा पाने वाले व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति जी ए सनप की नागपुर पीठ ने 12 नवंबर को पारित एक आदेश में 24 वर्षीय व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सत्र अदालत के 2021 के फैसले को चुनौती दी गई थी। सत्र अदालत ने आरोपी को अपनी नाबालिग पत्नी का यौन उत्पीड़न करने के मामले में यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था और उसे 10 साल कारावास की सजा सुनाई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि चूंकि पीड़िता उसकी पत्नी है इसलिए उनके बीच यौन संबंध को बलात्कार नहीं कहा जा सकता लेकिन उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी की आयु 18 वर्ष से कम होने पर उसके साथ सहमति से यौन संबंध के आधार पर बचाव नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, ''18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना बलात्कार है, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं। अठारह साल से कम उम्र की पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाना बलात्कार है।'' महिला ने 2019 में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा कि वह आरोपी के साथ रिश्ते में थी लेकिन उसके मना करने के बावजूद उसने उसका बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। शिकायत में कहा गया कि इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और उन्होंने शादी कर ली लेकिन व्यक्ति ने गर्भपात कराने पर जोर दिया।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : चार हजार से अधिक उम्मीदवार मैदान में

**मुंबई :** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 4,136 उम्मीदवार मैदान में हैं, जो पांच साल पहले की तुलना में 27.7 प्रतिशत अधिक है। इनमें 2,086 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को प्रत्येक पार्टी के उम्मीदवारों के नाम वापस लेने और जांच के चरण में नाम खारिज होने के बाद अंतिम आंकड़े उपलब्ध करा दिए, जबकि चुनाव प्रचार जोरों पर चल रहा है। वर्ष 2019 के पिछले विधानसभा चुनाव में जब मुकाबला भाजपा-शिवसेना और कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के बीच था, तो कुल 3,239 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार राजनीतिक परिदृश्य अधिक विखंडित है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन हो गया है। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 149 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 81 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं जबकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 59 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) में कांग्रेस ने 101 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के 95 उम्मीदवार और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के 86 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## ओडिशा के 24 तटीय गांवों को यूनेस्को ने 'सुनामी के लिए तैयार' घोषित किया


**भुवनेश्वर :** ओडिशा के 24 तटीय गांवों को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) के अंतर-सरकारी महासागरीय आयोग द्वारा 'सुनामी के लिए तैयार' स्थान के रूप में मान्यता दी गई। इस बारे में जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। इंडोनेशिया में 11 नवंबर को आयोजित द्वितीय वैश्विक सुनामी संगोष्ठी के दौरान इन गांवों को यह मान्यता दी गई। बयान में कहा गया है कि ये गांव बालासोर, भद्रक, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर, पुरी और गंजाम जिलों में स्थित हैं। इसके अलावा, राज्य के दो गांवों के लिए 'सुनामी तैयारी मान्यता प्रमाणपत्रों' का नवीनीकरण किया गया। ये गांव जगतसिंहपुर जिले का नोलियासाही और गंजाम जिले का वेंकटरायपुर हैं। इन्हें 2020 में 'सुनामी के लिए तैयार' स्थान के रूप में मान्यता दी गई थी। बयान में कहा गया है कि इन 24 सुनामी संभावित गांवों में हितधारकों को प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, सुनामी प्रबंधन योजना तैयार करना, 'मॉक ड्रिल' आयोजित करना और निकासी मार्गों की पहचान सहित विभिन्न गतिविधियां की गईं। राष्ट्रीय सुनामी तैयारी मान्यता बोर्ड के सदस्यों ने 12 संकेतकों के सत्यापन के लिए इन तटीय गांवों का दौरा किया, जिनके आधार पर सितंबर में इनका मूल्यांकन किया गया था। इन सदस्यों में भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केन्द्र के वैज्ञानिक और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारी शामिल थे।

## एसयूवी चला रहे दो किशोरों की हादसे में मौत, नाबालिगों के वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की मांग



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने से दो किशोरों की मौत हो गई जबकि दो अन्य बच्चे घायल हो गए। कार को एक किशोर चला रहा था, इसलिए इस घटना के बाद राजनीतिक दलों सहित विभिन्न हलकों से कश्मीर में नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग उठने लगी है। दुर्घटना के वक्त कार में चालक समेत कुल चार किशोर सवार थे। श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर तेंगपोरा में बृहस्पतिवार को उस दौरान यह हादसा हुआ जब कार (एसयूवी) पहले से खड़े एक ट्रक से टकराने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। सोशल मीडिया मंचों पर इस घटना का सीसीटीवी फुटेज तेजी से प्रसारित किया जा रहा है। इस दुर्घटना में 17 वर्षीय लड़के हमाद और असीम सोफी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए, इनमें से एक की हालत गंभीर है। नेताओं सहित विभिन्न लोगों ने दोनों लड़कों की मौत पर दुख जताया। वहीं, नागरिक संस्थाओं ने फिर से नाबालिगों के वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यातायात के प्रति लोगों की समझ में अब भी कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है।

# महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है वन विभाग : गडकरी



**गढ़चिरौली :** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब गढ़चिरौली महाराष्ट्र का सबसे समृद्ध क्षेत्र बन जाएगा। उन्होंने वन विभाग पर नक्सल प्रभावित जिले के विकास में बाधा उत्पन्न करने का आरोप भी लगाया। गडकरी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत प्रचार के दौरान कहा कि कई लौह अयस्क कंपनियां गढ़चिरौली में काम शुरू कर रही हैं और उन्होंने इन उपक्रमों में नौकरियों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने गढ़चिरौली जिले के आष्टी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी बी आर आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं देगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने भाजपा उम्मीदवार मिलिंद नरोटे (आष्टी सीट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) उम्मीदवार बाबाराव आत्राम (अहेरी निर्वाचन क्षेत्र) के लिए प्रचार कर रहे थे। गडकरी ने महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री (1995 से 1999) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इस जिले में किए गए विकास कार्यों को याद किया। नागपुर से लोकसभा सदस्य ने कहा कि 2014 में उनके केंद्रीय मंत्री बनने से पहले गढ़चिरौली में केवल 57 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग था, लेकिन अब इसकी लंबाई लगभग 10 गुना बढ़कर 541 किलोमीटर हो गई है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने जिले में चार हजार करोड़ रुपये की 35 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, आष्टी और सिरोंचा के बीच 140 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 1,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। केंद्रीय मंत्री ने वन विभाग की आलोचना करते हुए कहा कि वह पूर्वी महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित गढ़चिरौली जिले के विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्यजीव अधिकारियों ने वन संरक्षण के नाम पर विभिन्न विकास परियोजनाओं को अवरुद्ध कर दिया है।

### असम ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला: सीबीआई ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने असम में 2,200 करोड़ रुपये के 'आनलाइन ट्रेडिंग' घोटाले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि आरोपी गोपाल पॉल को 'एजेआरएस मार्केटिंग' मामले के सिलसिले में सिलीगुड़ी में एक ठिकाने से गिरफ्तार किया गया। यह मामला घोटाले से संबंधित 41 मामलों में से एक है जिनकी एजेंसी जांच कर रही है। प्रवक्ता ने कहा, ''सीबीआई ने असम सरकार की सिफारिश के बाद राज्य में विभिन्न अनियमित जमा योजनाओं से संबंधित 41 मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है।'' पूर्व में इस मामले की जांच करते हुए असम पुलिस ने इसके मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पॉल तब भी फरार था।

## 'इंडिया' गठबंधन झारखंड के लोगों की संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुक्रवार को बधाई देते हुए कहा कि 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) गठबंधन उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' भरपूर प्राकृतिक, सांस्कृतिक और खनिज संपदा से युक्त झारखंड के स्थापना दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''झारखंड वासियों की सभ्यता और अधिकारों की रक्षा के लिए 'इंडिया' सदैव संकल्पित है।'' गांधी ने साथ ही लिखा, ''आदिवासी महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आदिवासी अस्मिता के लिए उनका संघर्ष और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदा प्रेरित करता रहेगा।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी झारखंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद, समृद्ध एवं खुशहाल भविष्य की कामना की। खरगे ने आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को भी उनकी जयंती पर याद किया। खरगे ने 'एक्स' पर लिखा, ''जल-जंगल-जमीन एवं आदिवासी सभ्यता व संस्कृति की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध 'उलगुलान' करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा, भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।

